दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 84 जयपुर, रविवार, 03 मार्च, 2024 | फाल्गुन, कृष्ण पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## भाजपा ने कसी लोकसभा के लिए कमर: तमाम दिग्गजों को टिकट... सूची में गडकरी नहीं

- प्रदेश की सात सीटों पर नए चेहरे घोषित, आठ टिकट रिपीट
- जोधपुर से गजेंद्र, बीकानेर से मेघवाल और कोटा से बिरला उतरेंगे

# PM मोदी वाराणसी से लड़ेंगे राजस्थान के 15 प्रत्याशी तय

## बाड़मेर से कैलाश, पाली से पीपी और चित्तौड़ से सीपी का नाम तय


**बेधड़क**| नई दिल्ली/जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने युद्धस्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी ने शनिवार को लोकसभा के लिए 195 लोकसभा उम्मीदवारों की अपनी पहली भी लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में वाराणसी से पीएम मोदी का नाम घोषित किया गया है। इस पहली सूची में इनके समेत 34 केंद्रीय मंत्रियों के नाम शामिल हैं। लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी ने शनिवार को राजस्थान की 25 सीटों में से 15 पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए। इनमें आठ टिकट रिपीट किए गए हैं, जबकि सात सीटों पर नए चेहरे उतारे गए हैं। रिपीट किए गए नामों में जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, पाली से पीपी चौधरी, चित्तौड़गढ़ से सीपी जोशी, झालावाड़ से दुष्यंत सिंह और कोटा से ओम बिरला का नाम शामिल है।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि पीएम मोदी की अध्यक्षता में 29 फरवरी को हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों की लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम फाइनल किए गए थे, जिसका ऐलान शनिवार को हुआ। तावड़े ने कहा कि पीएम मोदी एक बार फिर वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा 34 मंत्रियों को भी पार्टी ने चुनावी मैदान में उतारा है।


पीएम मोदी- वाराणसी


राजनाथ सिंह- लखनऊ


अमित शाह- गांधीनगर


हेमा मालिनी- मथुरा


मनसुख मांडवीया- पोरबंदर




### इन सीटों पर नामों का इंतजार

जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अजमेर, भीलवाड़ा, दौसा, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं, करौली-धौलपुर, टोंक-सवाई माधोपुर और राजसमंद।

### 28 महिलाएं और 47 युवा

बीजेपी की पहली सूची में 28 महिलाएं, 27 एसटी, 18 एसटी और 18 ओबीसी और 47 युवा नेता शामिल हैं, जिनको लोकसभा चुनाव के लिए टिकट मिला है।

### मनोज तिवारी उत्तर पूर्वी दिल्ली से

बीजेपी ने दिल्ली की पांच सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक, मनोज तिवारी को उत्तर पूर्वी दिल्ली, बांसुरी स्वराज को सेंट्रल दिल्ली, कमलकित सहरावत को पश्चिमी दिल्ली और रामवीर बिधूड़ी को दक्षिणी दिल्ली सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है।

### इन सीटों पर चेहरे बदले

जिन सीटों पर चेहरे बदले गए हैं, उनमें बांसवाड़ा मानशंकर निनामा की जगह कांग्रेस से बीजेपी में शामिल किए गए महेंद्रजीत मालवीय, अलवर में बाबा बालकनाथ के विधायक बनने के बाद खाली हुई सीट पर भूपेंद्र यादव, नागौर में ज्योति मिर्धा (पिछली बार यह सीट आरएलपी के साथ गठबंधन का हिस्सा थी), उदयपुर से अर्जुनलाल मीणा की जगह मन्नालाल रावत, चूरू में राहुल कास्वां की जगह देवेंद्र झाझड़िया और भरतपुर से बहादुर सिंह कोली की जगह रामस्वरूप कोली को टिकट दिया गया है। जालोर में देवजी पटेल का टिकट काटकर उनकी जगह लूंबाराम चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

### इसलिए काटे गए टिकट

**1 राहुल कस्वां**
इन पर आरोप था कि विधानसभा चुनावों में इन्होंने बीजेपी नेता राजेंद्र राठौड़ को हरवाने का काम किया। राठौड़ ने इसकी शिकायत हाई कमान से की थी।

**2 बाबा बालकनाथ**
बाबा बालकनाथ विधानसभा चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंच चुके हैं। हालांकि, इन्हें मंत्री नहीं बनाया गया, लेकिन अब इनकी जगह बीजेपी ने भूपेंद्र यादव को मैदान में उतारा है, जो अब तक राज्यसभा के जरिए ही संसद पहुंच रहे थे।

**3 देवजी पटेल**
जालोर से मौजूदा सांसद देवजी पटेल का टिकट काटा गया, क्योंकि वे विधानसभा चुनाव हार गए थे और उनका क्षेत्र में भारी विरोध भी था। उनकी जगह लूंबाराम चौधरी को टिकट दिया गया। बांसवाड़ा में बीजेपी ने कांग्रेस को तोड़ महेंद्र मालवीय को पार्टी में शामिल कर लिया। उन्हें बीजेपी ने मानशंकर निमाना की जगह टिकट दिया है। भरतपुर में बहादुर सिंह कोली की उम्र को देखते हुए उनकी जगह राम स्वरूप कोली को टिकट दिया गया है।

### शाह गांधीनगर, मांडविया पोरबंदर, राजनाथ लखनऊ से तय

केंद्रीय मंत्री अमित शाह गांधीनगर, मनसुख मांडवीया पोरबंदर, राजनाथ सिंह लखनऊ, जितेंद्र सिंह उधमपुर, किरेन रिजिजू अरुणाचल ईस्ट, सर्बानंद सोनोवाल असम के तापिर गांव डिब्रूगढ़, संजीव बालियान मुज्जफरनगर से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गुजरात की अन्य सीटों में विनोद चावड़ा कच्छ से, भरूच से मनसुख वसावा और नवसारी से सीआर पाटिल चुनाव लड़ेंगे। छत्तीसगढ़ में सरोज पांडेय कोरबा, विजय बघेल दुर्ग, बृजमोहन अग्रवाल रायपुर से चुनाव लड़ेंगे। जम्मू से जुगल किशोर शर्मा भाजपा के उम्मीदवार होंगे। हजारीबाग से मनीष जायसवाल चुनाव लड़ेंगे। जयंत सिन्हा इस सीट से वर्तमान सांसद हैं।

-पेज 7 भी देखें


ओम बिरला- कोटा


अर्जुनराम मेघवाल- बीकानेर

### राजस्थान के ये 15 प्रत्याशी

बीकानेर से अर्जुनराम मेघवाल, चूरू से देवेंद्र झाझड़िया, सीकर से सुमेधानंद, अलवर से भूपेंद्र यादव, भरतपुर से रामस्वरूप कोली, नागौर से ज्योति मिर्धा, पाली से पीपी चौधरी, जोधपुर से गजेंद्र सिंह, बाड़मेर से कैलाश चौधरी, जालोर से लूंबाराम चौधरी, उदयपुर से मन्नलाल रावत, बांसवाड़ा से महेंद्र मालवीय, चित्तौड़गढ़ से सीपी जोशी, कोटा से ओम बिरला और झालावाड़ से दुष्यंत सिंह।


गजेंद्र सिंह,- जोधपुर


सीपी जोशी- चित्तौड़गढ़


कैलाश चौधरी- बाड़मेर


दुष्यंत सिंह- झालावाड़ से

### रोहित का निधन, क्रिकेट जगत में शोक की लहर

**जयपुर**। पूर्व रणजी और घातक खिलाड़ी रोहित शर्मा का निधन हो गया इससे राजस्थान क्रिकेट जगत में शोक की लहर है। पिछले कुछ दिनों से रोहित शर्मा बीमार चल रहे थे। शनिवार को अंतिम सांस ली। रोहित शर्मा कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। इसके बाद आखिर में उनका निधन हो गया है। वहीं, खिलाड़ी के करियर पर नजर डालें तो रोहत ने राजस्थान से 7 रणजी मैच खेले थे। इसके अलावा 28 एक दिवसीय रणजी मैच व 4 टी20 मैच खेले थे।



### राज्य के सात आईएएस अफसर किए इधर-उधर

## देथा खेल तो कुणाल संभालेंगे शिक्षा की कमान

**बेधड़क**| जयपुर

प्रदेश की भजन लाल सरकार ब्यूरोक्रेसी में लगातार बदलाव कर रही है। लोकसभा चुनावों की घोषणा पहले शनिवार को आईएएस की एक ओर तबादला सूची जारी की है। इसमें सात आईएएस के तबादले किए हैं, जबकि एक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

सूची के अनुसार आईएएस भवानी सिंह देथा को खेल विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। उन्हें युवा मामले एवं खेल विभाग का प्रमुख शासन सचिव बनाया गया है। इसी तरह से कृष्ण कुणाल को स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं





पुस्तकालय विभाग तथा पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग में शासन सचिव के पद पर लगाया गया है।

इसके अलावा सीकर के संभागीय आयुक्त को भी बदल दिया है। अब आईएएस घनेन्द्र भान चतुर्वेदी सीकर के नए संभागीय आयुक्त होंगे। अभी तक सीकर संभागीय आयुक्त की जिम्मेदारी संभाल रहे डॉ. मोहन यादव को महिला एवं बाल विकास विभाग का सचिव बनाया गया है। वहीं वरिष्ठ आईएएस नवीन जैन को शासन सचिव, आयोजना ( जनशक्ति आर गजेटियर्स), सांख्यिकी विभाग में लगाया गया है।

वे सरवन कुमार को शासन सचिव व आयुक्त विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग तथा महेंद्र सोनी को राजस्व मंडल अजमेर में सदस्य के पद पर लगाया गया है। इसके अलावा नरेंद्र गुप्ता को विशिष्ट शासन सचिव, राजस्व विभाग के अपने वर्तमान पद के कार्य के साथ-साथ भू-प्रबन्ध आयुक्त एवं पदेन निदेशक (बन्दोबस्त) के पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है।

### प्रदेश में खुलेंगे 2800 नए चिकित्सा संस्थान

**जयपुर**। प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार ने तीन वित्तीय वर्ष के लिए कुल 2671.41 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। इससे 2274 एसएचसी, 430 पीएचसी, 02 सीएचसी के निर्माण और 108 बीपीएचयू के लिए कुल 2006.78 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है। वहीं, डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 528.18 करोड़, शहरी पीएचसी में डायग्नोस्टिक सेवाओं के लिए 41.11 करोड़ और बीपीएचयू, यूएएम और एएम के लिए 95.35 करोड़ का भी प्रावधान किया गया है।

### भारत जोड़ो न्याय यात्रा धौलपुर में

## विदेशी कंपनियों को मिलेगा कॉन्ट्रैक्ट... अडाणी पार्टनर बनकर पैसा कमाएंगे: राहुल



**बेधड़क**| जयपुर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हथियार बनाने वाली विदेशी कंपनियों को कॉन्ट्रैक्ट मिलेगा। अडाणी पार्टनर बनकर पैसा कमाएंगे। इससे डिफेंस का पैसा अडाणी के पास जाएगा। अग्निवीर को न तो सरकारी सुविधा मिलेगी और ना ही सम्मान। कहा जाएगा.. तुम जानो...तुम्हारा काम जाने।

धौलपुर में रोड शो के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि भारत में पाकिस्तान-बांग्लादेश से ज्यादा बेरोजगारी है। 22 लोगों के पास 50 प्रतिशत धन है। बता दें राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शनिवार दोपहर को पांच दिन के ब्रेक के बाद फिर से शुरू हुई। दोपहर को राहुल गांधी दिल्ली से हेलिकॉप्टर से सीधे धौलपुर पहुंचे। इसके बाद राजाखेड़ा बाइपास से खुली गाड़ी से रोड शो की शुरुआत हुई। करीब 3 किलोमीटर तक राहुल गांधी ने धौलपुर में रोड शो किया। इसके बाद यात्रा मध्य प्रदेश के मुरैना जिले की सीमा में प्रवेश कर गई। यात्रा में शामिल होने के लिए राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज धौलपुर पहुंचे थे। यहां पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने राजस्थान सरकार पर कई आरोप लगाए।

### गहलोत, रंधावा रहे साथ

राहुल गांधी के साथ रोड शो में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, सुखविंदर सिंह रंधावा समेत राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा, धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा एवं बसेड़ी विधायक संजय जाटव मौजूद रहे। सचिन पायलट मुरैना रवाना हो गए। मुरैना में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का रोड शो किया जाएगा।

### जयपुर में पीयूष मिश्रा


## शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने खुद तय की अपनी मौत

**बेधड़क**| जयपुर

भगत सिंह इस कदर हिन्दुस्तान के लोगों के दिल में क्रांति की आग लगा चुके थे कि अंग्रजों की सरकार को भगत सिंह के शव को भी फांसी के बाद टुकड़ों में जेल के पीछे के रास्ते से फेंकना पड़ा, क्योंकि अगर लोग शव भी देख लेते तो इतना बड़ा हंगामा होता कि अंग्रेजी सरकार संभाल नहीं पाती।

ये विचार हैं बॉलीवुड एक्टर पीयूष मिश्रा के जो उन्होंने जयपुर में शेयर किए। उन्होंने पत्रकारों से भगत सिंह के बारे में खुलकर बात की और उनकी हिम्मत को युवाओं के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान में हिस्ट्री का कचरा किया गया है। भगत सिंह के 24 साल का होने में भी कई महीनों का समय था और उनको फांसी दे दी गई। इतनी कम उम्र में ही उन्होंने इतनी सारी बातें लिखीं। उन्होंने क्या-क्या नहीं लिखा। वे सैकड़ों बातें लिखकर चले गए। ये सबकुछ तारीख में दर्ज है।

पीयूष मिश्रा कहते हैं कि उनका नाटक गगन दमामा हिन्दुस्तान के ऐसे हीरो की कहानी है, जिसने अपनी मौत खुद तय की थी और



जब उसे फांसी लगने वाली थी तब उसने कहा कि मुझे फांसी न देकर के गोली मारी जाए क्योंकि मैं सरकारी अपराधी हूं। मिश्रा का कहना है कि ये एक ऐसे हीरो की कहानी है, जिसके बारे में उसके दोस्त कहते थे कि उसे लड़कियों से बचाना पड़ता था। पीयूष कहते हैं कि जिस उम्र में लड़कों की प्यार करने की उम्र होती है, उस उम्र में वो हर चीज के बारे मे लिख कर गया-राजनीति, प्यार, व्यापार, आजादी जैसे कई विषयों पर उसने बहुत सारगर्भित लिखा।



### शहीद-ए-आजम की गाथा है 'गगन दमामा बाज्यो'

इस दौरान रंग राजस्थान के तहत राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में नाटक 'गगन दमामा बाज्यो' का मंचन भी हुआ। साल1994 में बहुआयामी कलाकार पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित और निर्देशित यह नाटक शहीद-ए-आजम भगत सिंह की गौरव गाथा को साकार करता है। यह संगीतमय प्रस्तुति समय से परे है, दर्शकों को क्रांतिकारी युग में डुबो देती है। इसमें मिश्रा ने भगत सिंह की अटूट देशभक्ति का मार्मिक चित्रण किया है।

## जरूरी खबर

### विधायक गोपाल शर्मा ने झाझड़िया को दी बधाई



**बेधड़क. जयपुर।** सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा ने राजस्थान के सुप्रसिद्ध पैरा ओलंपियन पद्मभूषण देवेंद्र झाझड़िया से भेंट कर लोकसभा चुनाव में उनको भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर बधाई दी। इस दौरान विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि हम सभी राजस्थानवासियों के लिए यह अत्यंत गौरवपूर्ण क्षण है। झाझड़िया अपनी नई पारी में और नई भूमिका में पूरी तरह खरे उतरेंगे, यह हम सबका विश्वास है।

### औद्योगिक विकास के लिए 'ईज ऑफ डूइंग' पर कार्य

**बेधड़क. जयपुर।** प्रदेश में प्रदूषण मुक्त राजस्थान के साथ औद्योगिक विकास को गति देने के लिए राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा लगातार ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस की राह में कार्य किया जा रहा है। मंडल के सदस्य सचिव विजय एन ने बताया कि लाल श्रेणी की इकाइयों को संमति प्राधिकार देने की शक्तियों का विकेन्द्रीकरण करते हुए चयनित लाल श्रेणी की इकाइयों के संमति प्राधिकार देने की शक्तियां क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रदान की गई हैं। इसके तहत ऑटोमोबाइल, मैन्युफैक्चरिंग, हैवी इंजीनियरिंग एवं मेटल सरफेस ट्रीटमेंट सेक्टर की एमएसएमई स्तर तक की इकाइयों के प्राधिकार क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा जारी किए जा सकेंगे।

### 3 से 31 मार्च तक चलेगी मदार-रेवाड़ी स्पेशल ट्रेन



**बेधड़क. जयपुर।** रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा के लिए मदार-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया कि गाड़ी संख्या 09639, मदार- रेवाड़ी ट्रेन 3 से 31 मार्च तक मदार से सुबह 4.30 बजे रवाना होकर 10.49 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। वापसी में यह रेवाड़ी से दोपहर 3.30 बजे रवाना होकर 22.35 बजे मदार पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग में दोनों दिशाओं में किशनगढ़, नरेना, फुलेरा, रेनवाल, बधाल, रींगस, श्रीमाधोपुर, कावंट, भागेगा, नीम का थाना, मांवडा, डाबला, निजामपुर, नारनौल, अटेली व कुंड स्टेशनों पर ठहराव करेगी। ट्रेन में कुल 9 डिब्बे होंगे।

---

**समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा...**

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने से पिछड़े लोग होंगे सशक्त

**बेधड़क | जयपुर**

हाल ही में भारत रत्न से सम्मानित कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती के उपलक्ष में बिरला ऑडिटोरियम सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने कहा पिछड़ी जाति से आए कर्पूरी ठाकुर एक महान सिद्धांतवादी नेता रहे।

निर्भीक और ईमानदार छवि के साथ पिछड़ी जाति से होते हुए उन्होंने अपना कार्य नियमों का पालन करते हुए किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के समाजवादी नेता एवं न्याय के प्रणेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किए जाने भारतीय लोकतांत्रिक समाज के सब से पिछड़ा वर्ग सशक्त होगा। यह कदम भारतीय लोकतंत्र के सब से पिछड़े समुदायों को सशक्त और अधिक शक्तिशाली बनाएगा। यह पारदर्शिता जवाबदेही जिम्मेदारी और निष्पक्ष की सुशासन भावना है। कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थान के सैन समाज के साथ धन्यवाद करता हूं। सैन समाज के भामाशाह एवं समारोह के विशिष्ठ अतिथि किशन सैन तंवर ने कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए सैन समाज को एक होने का आह्वान किया। दरअसल राजस्थान सैन समाज की ओर से भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की 100वीं जयंती और उन्हें भारत रत्न दिए जाने पर सैन समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया था।

### भारत रत्न देने पर राजस्थान सैन समाज ने जताया आभार




### सभी समाजों ने जताई खुशी

कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहे गांधीवादी एवं समाजवादी नेता रघु ठाकुर ने कहा कि कर्पूरी जी को भारत रत्न दिए जाने की भारत सरकार की घोषणा पर सैन समाज के साथ अन्य समाजों ने भी खुशी जताई है। कर्पूरीजी हर वर्ग से जुड़े वंचित वर्ग के लिए हमेशा लड़े। बिहार की कठिन राजनीतिक माहौल में अपनी छवि एक जननायक और सफल मुख्यमंत्री के रुप में बनाई। पढ़ाई में मेधावी होने के बावजूद नौकरी की जगह देश के स्वतंत्रता के आंदोलन के दौरान करीब 28 महीने जेल में रहे। उन्होंने अपने एक परिवार की जगह पूरे देश के परिवार को चुना। कर्पूरीजी जाति के नेता कभी नहीं रहे वो सभी समाज के नेता थे। जात-पात ने हिंदुस्तान का नुकसान किया है।

### समाज को मिलेगी नई दिशा

सैन समाज राजस्थान के आयोजक राजेंद्र टॉक्सिया ने कहा कि जननेता कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने पर हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राजस्थान सैन समाज आभार जताने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया है। भारत सरकार ने समाजवादी नेता एवं न्याय के प्रणेता बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित दिए जाने से भारतीय लोकतांत्रिक समाज के सब से पिछड़े वर्ग को मजबूती मिलेगी और समाज को एक नई दिशा मिलेगी।

---

**मुख्यमंत्री भजन लाल ने शेखावाटी के दौरे में कहा...**

# शेखावाटी की दशकों पुरानी मांग को भाजपा सरकार ने पूरा किया

**बेधड़क | जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि वर्षों से लंबित ऐतिहासिक ताजेवाला हेडवर्क्स समझौते से शेखावाटी क्षेत्र के लोगों के लिए पेयजल तथा सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। इससे यह धरती भी सोना उगलेगी।

उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी डबल इंजन सरकार यमुना जल समझौते पर प्रथम चरण में पेयजल के लिए डीपीआर 4 माह में बनाएगी और अपने इसी कार्यकाल में शेखावाटी में पानी पहुंचाने का काम करेगी। मुख्यमंत्री शर्मा शनिवार को शेखावाटी क्षेत्र के नीम का थाना तथा झुंझुनूं में आयोजित यमुना जल समझौता धन्यवाद सभा को संबोधित किया।

ताजेवाला हेडवर्क्स से संबंधित ऐतिहासिक एमओयू करने के बाद मुख्यमंत्री खेतड़ी नगर, नवलगढ़ तथा श्रीमाधोपुर पहुंचे। वहां पर लोगों ने उनका स्वागत किया तथा उन्हें जगह-जगह मालाएं पहनाकर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, सांसद नरेन्द्र खीचड़, सुमेधानन्द सरस्वती, विधायक धर्मपाल गुर्जर, विक्रम सिंह जाखल, सुभाष मिल, गोवर्धन वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल बंटवारा समझौता वर्ष 1994 से लंबित था। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इस पर केवल राजनीति की गई। शेखावाटी अंचल की पेयजल की गंभीर समस्या पर कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इस दर्द को समझा और शेखावाटी क्षेत्र की तीन दशक पुरानी पेयजल समस्या का समाधान करने के लिए केन्द्र सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार ने ऐतिहासिक यमुना जल समझौता किया।



**दो माह में ही सरकार ने दी दो सौगातें**

मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार ने गठन होने के 2 माह के भीतर ही दो बड़े ऐतिहासिक अहम समझौते हुए हैं। यमुना जल का समझौता होने से शेखावटी क्षेत्र के लोगों की तीन दशक पुरानी मांग पूरी हुई है। साथ ही, केन्द्र सरकार, मध्यप्रदेश और राजस्थान की सरकार के मध्य हुए एकीकृत ईआरसीपी के मूर्त रूप लेने से पूर्वी राजस्थान में पेयजल एवं सिंचाई के लिए भरपूर जल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में उदयपुर में देवास तृतीय एवं चतुर्थ परियोजना की नींव रखी है, जिससे आने वाले समय में उदयपुर की झीलों में जल की उपलब्धता के साथ ही पेयजल की समस्या का समाधान हो सकेगा।

### अपराधियों को किसी हाल में नही बख्शा जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों के कल्याण कर रही है। इसी दिशा में सरकार द्वारा 73 लाख परिवारों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर, किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि 6 हजार रुपए से बढ़ाकर 8 हजार, गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपए प्रति क्विंटल का अतिरिक्त बोनस देने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन को एक हजार 150 रुपए करने जैसे महत्वपूर्ण निर्णय किए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संगठित अपराधों की रोकथाम के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स तथा पेपरलीक की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी हाल में नहीं बख्शा जाएगा।

---

**महिला सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

## महिलाएं अधिकारों के लिए बनें जागरूक

**बेधड़क | जयपुर**

उपनिदेशक महिला अधिकारिता विभाग द्वारा अनुदानित महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र पुलिस थाना महेश नगर की ओर से जयलाल मुंशी का रास्ता में महिला हिंसा की रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें महिलाओं को कानूनी अधिकारों से अवगत कराया गया। इसमें महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र से विधिक सलाहकर्ता काउंसलर पिंकी शर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के साथ-साथ अपनी सुरक्षा को लेकर भी जागरूक होना चाहिए। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा के प्रति भी जागरूक होने का आह्वान किया। माता-पिता से बच्चों को स्कूल भेजने का आग्रह किया ताकि उनके बच्चो का भविष्य बन सके। इस दौरान महिलाओं को घरेलू हिंसा, लैंगिक उत्पीड़न सहित कई मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती है। उन पर परिवार को चलाने की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में महिला पढ़ी-लिखी होगी तभी वह अपने दायित्वों का सही से निर्वहन कर पाएगी। महिलाएं आज सभी क्षेत्रों में तरक्की कर रही हैं। ऐसे में उनको घर से बाहर भी निकलना पड़ता है। महिलाएं अपने अधिकारों और कानून की जानकारी रखेंगी तभी वह अपने दायित्व निभा सकेगी।




**गांधी सर्किल पर किया प्रदर्शन**

## संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार का विरोध

**जयपुर।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर अत्याचार और हिंसा के खिलाफ राजधानी जयपुर में भी शहर भाजपा ने गांधी सर्किल पर पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा शहर अध्यक्ष राघव शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी के गुंडे महिलाओं पर अत्याचार कर रहे हैं। बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। सत्ताधारी पार्टी के कार्यकर्ता ही इस प्रकार की अत्याचार की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। प्रदर्शन में सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य आदि शामिल हुए। वहीं विरोध प्रदर्शन में शहर भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को नजरअंदाज किया।

सभा स्थल पर जो पोस्टर लगाया गया था, उसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष की फोटो गायब दिखी। इस सवाल पर विधायक बालमुकुंदाचार्य ने कहा कि जेपी नड्डा राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, उनकी फोटो होनी चाहिए, लेकिन इसे मुद्दा बनाया जाए ये सही नहीं है।

---

## खबरो में बेधड़क खबर

### जमीन की फाइल पर गामा कुंडली बनकर बैठे




नवनिर्मित हाईटेक रेलवे स्टेशन के पास एक बेशकीमती जमीन के दर्ज प्रकरण में गामा साहब कुंडली बनकर बैठ गए। दरअसल जमीन के इस मामले में कई बड़े अफसरों की नजर थी। रणनीति के तहत एक बड़े अफसर के इशारे पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मुकदमा दर्ज करके षड़यंत्र को अंजाम दिया जा रहा था, लेकिन तबादलों के बाद साहब को पूरा प्लान फेल हो गया। अब गामा साहब इस जमीन की फाइल पर दबदबा बनाए हुए हैं। चर्चा है कि आरोपी पक्ष को शिकंजे में लेने के लिए गामा के पसीने आ रहे हैं, क्योंकि दस्तावेजों की जांच में परिवादी पक्ष मात खा रहा है। बड़ी सिफारिश के कारण फाइल पर मोल-भाव तय नहीं होने से मामला पेंडिंग पड़ा है।

### ब्रेवो की पोस्टिंग से बिचौलिए सक्रिय




मारवाड़ की एक रेंज में ब्रेवो की हुई पोस्टिंग से थानों में दर्ज होने वाले मुकदमों में बिचौलिए की भूमिका निभाने वाले दलाल सक्रिय हो गए हैं। ब्रेवो साहब पहले भी इसी रेंज में कई माह तक पोस्टिंग रही थी। तब पोस्टिंग के दौरान मिठाई के पैकेट के बदले में ही साहब दलाल के इशारे पर मनचाहे निर्णय कर देते थे। साहब से दलाल ने एक राजधानी के बड़े व्यापारी की फाइल में एक तरफा निर्णय कराया था। इसके बाद साहब का तबादला खाकी के नए जिले में हो गया था। चर्चा है कि साहब की पोस्टिंग में दलाल की बड़ी भूमिका में है, क्योंकि अब जमीन से जुड़े कुछ मामलों के मसले आसानी से सुलझ जाएंगे।

### टाइगर के टारगेट पर बजरी माफिया

मेवाड़ में मादक पदार्थ तस्करों को आड़े हाथों लेने वाले टाइगर साहब की पोस्टिंग इन दिनों वस्त्र नगरी में है। टाइगर साहब की पोस्टिंग मेवाड़ से मारवाड़ में कर दी गई थी। साहब खाकी में तेज-तर्रार अफसर माने जाते हैं, ऐसे में ज्वॉइन करने से पहले ही साहब का फिर से मारवाड़ से मेवाड़ में तबादला कर दिया। चर्चा है कि साहब की अधिकतर पोस्टिंग मेवाड़ में ही रही है। ऐसे में वहां पर होने वाले अपराधों से तो परिचित है ही साथ में तस्करों व बदमाशों की पूरी कुंडली उनके पास है। साहब के जोइन करने के बाद तस्करों व बजरी माफिया के प्लान फिर से फेल होते नजर आ रहे हैं।

### साहब की अभी भी सेंधमारी




खाकी के बड़े भवन में बैठने वाले एक साहब की प्रोपर्टी कारोबारियों के कुछ मामलों में अभी सेंधमारी चल रही है। पोस्टिंग के दौरान साहब ने ईमानदार बनकर बेटिंग की थी। चर्चा है कि साहब के इशारे पर रिकवरी के लिए अग्रवाल द्वारा खुद के पार्टनर के साथ की गई आपसी लेनदेन के विवाद को धोखाधड़ी का रूप दिया जा रहा है। चर्चा है कि पार्टनर के खिलाफ एक के बाद एक मुकदमे दर्ज किए गए तो पीड़ित के परिजनों ने तत्कालीन विक्टर के पास गुहार लगाई, लेकिन साहब ने विक्टर को हाईकमान के बेटे से फोन कराकर फाइले वापस से मंगा ली थी। अब इन लेन-देन के मामलों में जांच करने वाले अफसर भी गिरफ्तारी पर सवाल उठने लगे, तो साहब रिकवरी के लिए बड़े साहब को दोस्ताना दिखा रहे हैं।

**- ओमप्रकाश शर्मा, विशेष संवाददाता**

---

**पूर्व सीएम गहलोत के बयान पर बेढम का पलटवार**

# कांग्रेस सरकार में था अपराधों का बोलबाला

**बेधड़क | भीलवाड़ा**

लोकसभा चुनाव के पास आते ही नेताओं में बयानबाजी का माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। इसी बीच अब गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत पर हमला बोला है।

उन्होंने गहलोत की ओर से चीफ सेक्रेटरी को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बताने पर पलटवार करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कुछ नेताओं की मती मारी गई है। हम उनका शुद्धिकरण कर रहे हैं। कुछ लोगों को तो शुद्धिकरण करके हमारे यहां लाया जा रहा है। मंत्री बेढम शनिवार को भीलवाड़ा जिले के प्रवास पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के गुंदली गांव में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इसके बाद मंत्री भीलवाड़ा पहुंचे। वे यहां मीडिया से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। साथ पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बयानों पर पलटवार किया। उन्होंने अशोक गहलोत की ओर से जयपुर में मुख्य सचिव को कार्यवाहक मुख्यमंत्री बताने के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि सरकार के मुखिया व सरकार के अधिकारी आपसी सामंजस्य से सरकार चलाते हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश हैं, उनका पालन किया जा रहा है। गहलोत पर निशाना साधते हुए बेढम ने कहा कि पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार में अपराधों का बोलबाला था। प्रदेश में अत्याचार, बलात्कार और पेपर लीक जैसी घटना हो जाती थी। पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत प्रदेश में कुछ कर भी नहीं पाए।



### राहुल गांधी को बताया 'बयानवीर'

राहुल गांधी की न्याय यात्रा को लेकर मंत्री ने कहा कि 'राहुल गांधी बयानवीर हैं, काहे की न्याय यात्रा है।' उन्होंने हिंदुस्तान के साथ अन्याय किया। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो निर्णय लेने से पहले अमेरिका की तरफ देखती थी। आज देश-दुनिया मोदी और भारत की तरफ देखते हैं। वर्तमान में राजस्थान सुशासन की ओर बढ़ रहा है और सुनहरा राजस्थान बनेगा।

### प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई

बैठक के बाद राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। हर वंचित वर्ग को सरकार की योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। हमारी सरकार का विजन भ्रष्टाचार व अपराध मुक्त राजस्थान और विकास की दृष्टि से नंबर वन राजस्थान बनाने का है। सरकार इसके लिए पूरे प्रयास कर रही है।

---

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने घोषित की नई टीम**

# ज्योति, संतोष व श्रवण का प्रमोशन

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सीपी जोशी ने लोकसभा चुनाव से पहले अपनी नई टीम घोषित की है। इसमें एससी मोर्चा की टीम शामिल है। इसमें कई चेहरों को अपनी टीम में शामिल कर अपनी नई कार्यकारिणी घोषित की है। इसमें कई बड़े फेरबदल किए गए हैं। नई टीम में दामोदर अग्रवाल, जितेंद्र गोठवाल, श्रवण सिंह बगड़ी, संतोष अहलावत और ओमप्रकाश भड़ाना को महामंत्री बनाया गया है। नारायण पंचारिया, बाबा बालक नाथ, चुन्नीलाल गरासिया, मुकेश दाधीच, अजयपाल सिंह, प्रभुलाल सैनी, सीआर चौधरी, मोतीलाल मीणा, ज्योति मिर्धा, नाहर सिंह जोधा को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। विजेंद्र पूनियां, वासुदेव चावला, पिंकेश पोरवाल, भूपेंद्र सैनी, महेंद्र कुमावत, अनंतराम विश्नोई, सांवलाराम देवासी, सनुसूइया गोस्वामी, स्टेफी चौहान, अजीत मंडन, मिथलेश गौतम, आईदान सिंह भाटी और अनिता कटारा को प्रदेश मंत्री बनाया गया है। पंकज गुप्ता को कोषाध्यक्ष और अनिल सिसोदिया को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है। इस प्रकार एससी मोर्चा की नई कार्यकारिणी में प्रदेश उपाध्यक्ष रामकिशन वर्मा, ओम प्रकाश जेदिया, शैलेन्द्र चौहान, बी.एल. नवल, ललित लकवाल, भजनलाल रोलन, अंजू जाटव, वहीं मुकेश गर्ग, लालाराम बैरवा, मुकेश किराड, प्रदेश मंत्री सीताराम लूगरिया, सुरेश सिंदल सूबे सिंह मरोडिया, दिनेश वर्मा, मोटनदास नायक, मदन गोपाल, प्रकाश मेघवाल को प्रदेश महामंत्री, मेघाराम परमार को कोषाध्यक्ष, राकेश बीदावत को सह-कोषाध्यक्ष, जगदीश राजवंशी को प्रदेश मीडिया प्रभारी, रामावतार कुलदीप को प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाया गया। इस प्रकार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ. मीरा किराड, किरण डांगी, हेमराज गंगवाल, राजपाल सांभरिया, राजेन्द्र वाल्मिकी, कांता सोनवाल भगवानदास मेघवाल, बिरमा नायक, सुमन कोली, किशन मेघवाल, प्रेमप्रकाश चौहान को बनाया गया है।

## जरूरी खबर

### जेकेके में 'शक्ति वंदन', सीएम ने किया शुभारंभ



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में जयपुर नगर निगम ग्रेटर की ओर से 2-4 मार्च तक आयोजित होने वाले 'शक्ति वंदन' कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने 'एक खत मोदी जी के नाम' स्टॉल पर जाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संदेश लिखा तथा सेल्फी पॉइन्ट पर सेल्फी भी ली। गौरतलब है कि 'सशक्त महिला से समृद्ध समाज की ओर एक पहल' थीम पर आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रदर्शनियां, टॉक शो, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह एवं फागोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर, जयपुर ग्रेटर निगम की आयुक्त रुक्मणि रियार, पार्षद एवं महिलाएं उपस्थित थीं।

### शाकाहार, सदाचार और नशा मुक्ति का दिया संदेश

**जयपुर।** देश-दुनिया में शाकाहार, सदाचार और नशा मुक्ति के लिए लोगों में वैचारिक क्रांति की अलख जगाने वाले, जयगुरुदेव के उत्तराधिकारी बाबा उमाकान्त महाराज के आह्वान पर राजधानी में विशाल जीव जागरण धर्म यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने शामिल होकर शाकाहार, नशामुक्ति की शपथ ली। इस दौरान महाराज ने अपने सत्संग में लोक और परलोक दोनों बनाने के सरल उपाए बताए। साथ ही जनमानस से प्रार्थना की कि देश प्रेम बनाये रखो। किसी की निंदा बुराई मत करना। आंदोलन, हिंसा, तोड़-फोड़ से दूर रहना। देश की संपत्ति को अपनी संपत्ति समझो। इससे पहले यह यात्रा सुबह 9 बजे अजमेर रोड ठिकरियासे रवाना होकर मानसरोवर मेट्रो स्टेशन चौराहा से नारायण विहार होते हुए ठीकरिया आश्रम पर सम्पन्न हुई।


**गोविंददेवजी मंदिर में अगले सप्ताह से शुरू होगा फागोत्सव कार्यक्रम,** कोलकाता और शेखावाटी के कलाकार बजाएंगे चंग

# गोविंद के दरबार में होगा महारास, खेलेंगे लट्ठमार होली

**बेधड़क** | जयपुर

वृंदावन की तर्ज पर गुलाबी नगरी में भी गोविंददेवजी के मंदिर में बरसाने की प्रसिद्ध लट्ठमार होली खेली जाएगी। साथ ही ठाकुरजी को गुलाल लगी रंग-बिरंगी पोशाक पहनाई जाएगी।

यह सब आयोजन होंगे गोविंददेवजी मंदिर में अगले सप्ताह से शुरू होने वाले फागोत्सव कार्यक्रम में। फागोत्सव से पहले 5 मार्च से मंदिर में रचना झांकी सजेगी, जिसमें श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं के दर्शन होंगे। वहीं मंदिर प्रांगण में 24 मार्च को गुलाल होली खेली जाएगी।



### वृंदावन का पुण्य जयपुर में कमाएंगे भक्त

मंदिर प्रवक्ता मानस गोस्वामी ने बताया कि फाल्गुन महीने में गोविंददेवजी मंदिर में फागोत्सव मनाया जाता है। जिस तरीके से वृंदावन में बसंत पंचमी से ठाकुरजी को गुलाल चढ़ाए जाते हैं, वैसे ही गोविंददेवजी मंदिर में भी ठाकुरजी राधेरानी के संग होली खेलते नजर आएंगे। जो भक्त वृंदावन नहीं जा पाते उन्हें वैसा पुण्य और आनंद जयपुर में ही मिल जाता है।

### झांकी में दिखेंगी श्रीकृष्ण की लीलाएं

मानस गोस्वामी ने बताया कि 5 से 16 मार्च तक रचना झांकी में श्रीकृष्ण की लीलाओं के दर्शन होंगे। इनमें बाल लीलाओं से लेकर महारास की लीलाएं भी शामिल हैं। रचना झांकी दर्शन का समय दोपहर 12:30 बजे से 12:45 बजे तक रहेगा। 17 से 19 मार्च तक होलिकोत्सव मनाया जाएगा। इसमें ठाकुरजी के सामने गुलाल से होली खेली जाएगी। दोपहर 12:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक लोक कलाकारों की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### दो दिन खेली जाएगी फूलों की होली

20 और 21 मार्च को फूल की होली खेली जाएगी। इस दौरान कोलकाता के प्रसिद्ध भजन सम्राट बाल व्यास श्रीकांत शर्मा दोपहर एक से शाम 4:30 बजे तक भजनों की अमृत वर्षा करेंगे। कलाकार फाल्गुनी नृत्य की प्रस्तुतियां देंगे। कोलकाता, बरसाना और शेखावाटी के कलाकार पुष्प फागोत्सव में अपनी प्रस्तुतियों देंगे। राधा-कृष्ण के स्वरूपों पर सत्संग भवन की छत से फूलों की वर्षा की जाएगी।

### राजभोग आरती के बाद गुलाल से होली

फागोत्सव में 22 मार्च को होली पद भजनामृत वर्षा अनुष्ठान का विशेष आयोजन होगा। कोलकाता के पं. मालीराम शास्त्री दोपहर 1 से शाम 4:30 बजे तक भजनों के माध्यम से गोविंददेवजी को रिझाएंगे। निज मंदिर में 24 मार्च को राजभोग आरती सुबह 11.15 बजे के बाद भक्त गुलाल से ठाकुर के समक्ष होली खेलेंगे। मंदिर में 24 मार्च को गुलाल होली का आयोजन होगा। राजभोग आरती सुबह 11.15 बजे होगी। जिसके बाद भक्त गुलाल से ठाकुरजी के सामने होली खेलेंगे। मंदिर में बरसाने की प्रसिद्ध लट्ठमार होली भी खेली जाएगी।

**वाइन की बाजार कीमत करीब 70 लाख रुपए,** दो आरोपी गिरफ्तार

# चिप्स में छिपाकर ले जाई जा रही अवैध शराब के 580 कार्टन जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी में पुलिस ने अवैध शराब से भरा एक कंटेनर पकड़कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तलाशी के दौरान कंटेनर से शराब के करीब 580 कार्टन जब्त किए हैं। ये कार्टन आरोपियों ने चिप्स के बीच में छिपा रखे थे। पकड़ी गई शराब की बाजार कीमत करीब 70 लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी यह शराब हरियाणा से गुजरात लेकर जा रहे थे, जिन्हें दौलतपुरा थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि मादक पदार्थ व अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें एक राज्य से दूसरे राज्य में अवैध रूप से शराब परिवहन और बेचने पर रोक लगाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए धरपकड़ की कार्रवाई करने के लिए निर्देश दिए थे।

### हरियाणा नंबर के ट्रक में ले जा रहे थे गुजरात



### एनएच- 48 एक्सप्रेस वे पर कार्रवाई

देर रात को पुलिस को सूचना मिली थी की एनएच- 48 एक्सप्रेस वे पर दिल्ली की तरफ से आ रहे हरियाणा नंबर के ट्रक में शराब भरी हुई है। इस पर पुलिस टीम ने ट्रक रुकवाया। चालक ने ट्रक में चिप्स होना बताया। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो ट्रक ड्राइवर ने चिप्स के कार्टन के साथ अवैध शराब होना बताया। इस पर ट्रक को चैक कर शराब के 580 कार्टन जब्त किए गए।



### पहले भी इस रूट से कर चुके सप्लाई

टीम ने ट्रक कंटेनर ड्राइवर ग्रवीर सिंह पुत्र बलवेन्द्र सिंह निवासी बस्ती मौहम्मदशाह वाली पुलिस थाना ममघोट जिला फिरोजपुर पंजाब और खलासी जसवीर सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी गांव किली, सोढ़ी वाला पुल नहर के पास, पुलिस थाना लखाकेबराम जिला फिरोजपुर को गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में बदमाशों ने पहले भी शराब इस मार्ग से गुजरात और मुंबई ले जाना बताया। आरोपी कहां से यह शराब लेकर आया। इसे लेकर पूछताछ की जा रही हैं।

**पुलिस कमिश्नर ने की जन सुनवाई**

# बिना सिफारिश के थाना पुलिस दर्ज नहीं करती FIR




**बेधड़क** | जयपुर

'आज भी एफआईआर दर्ज करने में पुलिस आनाकानी करती है। जब तक सिफारिश नहीं कराई जाए तब तक थाना पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती। स्नैचिंग, लूट, चोरी की वारदात अधिक हो रही है। पुलिस इन्हें रोकने और निरंतर गश्त करने से बचती है।' यह शिकायत पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ के सामने लोगों ने रखी।

कमिश्नर विद्याधर नगर थाने में शनिवार को जनसुनवाई कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को हल करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, डीसीपी नॉर्थ राशि डोगरा डूडी, एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह सहित नॉर्थ सर्किल के एसीपी और सीआई मौजूद रहे। पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई से आम व्यक्ति को अपनी बात कहने का मौका मिला। पुलिस कमिश्नर ने जांच अधिकारियों को इस दौरान फाइलों को अपने पास रखने से मना किया। उन्होंने कहा कि अगर जांच हो चुकी है तो चालान या एफआर पेश करने में समय क्यों लग रहा है। अधिकारी इस की समय-समय पर मॉनिटरिंग करें, जिससे लोगों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**परेशान यात्रियों को कैब और बस से भेजा**

# दिल्ली की फ्लाइट नहीं उड़ी, हंगामा

**बेधड़क** | जयपुर

मौसम में आए बदलाव के चलते शनिवार को जयपुर से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट IX - 769 अपने निर्धारित वक्त पर दिल्ली के लिए उड़ान नहीं भर सकी। इससे नाराज यात्रियों ने एयरपोर्ट पर हंगामा खड़ा कर दिया। बाद में एयरलाइंस द्वारा कैब और बस की मदद से दिल्ली भेजा गया।

वहीं, मुंबई से दिल्ली जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को भी खराब मौसम की वजह से जयपुर डायवर्ट किया गया। जयपुर एयरपोर्ट पर परेशान हो रहे यात्री अक्षय चतुर्वेदी ने ट्वीट कर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मदद मांगी। उन्होंने बताया- वह जयपुर से दिल्ली के लिए दिन में 12:25 बजे पर उड़ान भरने वाले थे। फ्लाइट का संचालन निर्धारित वक्त पर नहीं हुआ। इसके बाद 1:30 बजे उन्हें बताया जाता है कि अब फ्लाइट का संचालन शाम 4:55 बजे होगा।



इससे वह काफी परेशान हो रहे हैं। अक्षय ने बताया- वह सुबह 10:20 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंच गए थे। उनके साथ उनका 2 साल का बच्चा भी है। इसकी वजह से उन्हें काफी परेशान होना पड़ रहा है। एयर इंडिया एक्सप्रेस का कोई भी प्रतिनिधि उन्हें जवाब नहीं दे रहा है। बता दें कि अक्षय चतुर्वेदी पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता अरुण चतुर्वेदी के बेटे हैं।

### बीच सड़क पर गिरा साइन बोर्ड




*जयपुर। राजधानी में शनिवार को दिनभर ठंडी हवाएं चलने से सर्दी का प्रभाव रहा। शाम होते-होते मौसम में बदलाव आया। कई जगह हल्की बूंदाबांदी भी हुई। साथ ही तेज हवाएं भी चली, जिससे आरएएस क्लब के पास होर्डिंग सड़क पर आ गिरा। देर तक उसे नहीं उठाए जाने से वाहन चालक परेशान होते रहे।*

**-फोटो: पंकज शर्मा**

**इकरान-2024**

# युद्ध क्षेत्र में सैनिकों को लगने वाली सिर की चोटों के बारे में किया मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट एडवांसेज इन न्यूरोट्रोमेटोलॉजी ( इकरान-2024 ) के दूसरे दिन शनिवार को विश्व भर से आए न्यूरो सर्जन्स ने अपने अपने देशों में आने वाले रोगियों की जांच और उनके बेहतर उपचार पर विचार विमर्श किया।

इसके साथ ही युद्ध क्षेत्र में सैनिकों को लगने वाली सिर की चोटों पर भी मंथन किया गया। शहर के एक होटल में चल रही इस कॉन्फ्रेंस में अलग अलग देशों के युवा न्यूरो सर्जन्स ने जांच और चिकित्सा के अपने तरीके बताए। इस एक्सपर्ट्स सैशन का मॉडरेशन डॉ. पंकज गुप्ता ने किया। सभी के शोध कार्य को को सुनने के बाद मुम्बई के डॉ. बी के मिश्रा और इजरायल के डॉ. वाई शोषान ने सभी से उन पर सवाल जवाब किए। उन्होंने उन्हें जांच और इलाज की सर्वोत्तम विधि बताई।




### सीलिंग फैन बच्चों में हेड इंजरी का बड़ा कारण

मलेशिया के डॉ. आज़मी ने बच्चों में हेड इंजरी पर बात की और बताया कि आश्चर्यजनक रूप से सीलिंग फैन इसका एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। पूना के डॉ. मनीष शर्मा ने युद्ध क्षेत्र में सुरक्षात्मक उपायों की जरूरत पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक सैनिक को तैयार होने में लम्बा समय लगता है, ऐसे में उसको बचाने के उपाय बहुत जरूरी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि निकट भविष्य में युद्ध के मैदान में सैनिकों को ऐसी चोटों से बचाने के लिए उपाय हो पाएंगे।



### गोली के हर टुकड़े को निकालना जरूरी

यूक्रेन के डॉ. एंड्रील ने युद्ध के दौरान सिर और खोपड़ी में लगने वाली चोटों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मिसाइल से लगने वाली चोटों की सर्जरी के दौरान भविष्य की जटिलताओं से बचने के लिए गोली के हर टुकड़े को निकालना ठीक रहता है। कॉन्फ्रेंस की आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. वीडी सिन्हा ने बताया कि राजस्थान नुकीली चीजों के सिर में घुसने से लगने वाली सिर की चोटें आम हैं। डॉ. केट ड्रमंड ने थ्रोंबो बोलिज्म पर जानकारियां दी।

## जरूरी खबर

### स्टूडेंट्स ने सीखी रिमोट सेंसिंग तकनीक



**जोधपुर।** जिले की एमबीएम यूनिवर्सिटी में चल रहे रिमोट सेंसिंग और जीआईएस टेक्निक कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ। कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले स्टूडेंट को रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के दैनिक जीवन में हो रहे प्रयोग के बारे में बताया गया। यूनिवर्सिटी के जनसंपर्क अधिकारी कमलेश कुम्हार ने बताया कि इस कार्यक्रम में स्टूडेंट को जल संसाधनों, मृदा, खनिज संसाधनों, भूजल संसाधन, मौसम पूर्वानुमान आदि विषयों पर रिसर्च के तरीकों के बारे में बताया गया।

### बरसात के बाद दो मंजिला मकान भरभराकर गिरा

**भीलवाड़ा।** जिले के फलामादा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर शनिवार को बरसात के साथ दो मंजिला पुराना मकान धराशाई हो गया। हादसे के वक्त मकान में कोई मौजूद नहीं था, इसलिए जनहानि नहीं हुई। सूचना मिलते ही गुलाबपुरा पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। सूचना मिलते ही राजस्व कर्मियों व पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया। उपखंड अधिकारी ने कहा कि मकान गिरने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं इस मामले में फलामादा पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में मकान को पुराना बताया है जबकि मकान गिरने के कारणों की जांच की जा रही है।

### मंत्री के आदेश के बाद सरपंच को पद से हटाया



**सीकर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आदेश के बाद सीकर जिले की ग्राम पंचायत कुली के सरपंच पन्नालाल कुमावत को जिला परिषद ने आदेश जारी कर सरपंच पद से हटा दिया है। सरपंच पर पंचायती राज चुनाव में तथ्य छुपाकर चुनाव लड़ने के आरोप थे और सरपंच लगातार कोर्ट के नियमों की अवहेलना कर रहा था। कुली ग्राम पंचायत के तत्कालीन सरपंच दिग्विजय सिंह की माता किरण कंवर (65) ने 2020 में दांतारामगढ़ कोर्ट में सरपंच के खिलाफ याचिका लगाई थी। मामला वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश के अधीन था। कोर्ट ने सरपंच पन्नालाल कुमावत को दोषी मानते हुए अगस्त 2022 में सरपंच के निर्वाचन को रद्द कर दिया था।

---

**विधायक छोटू सिंह भाटी ने भगवा झंडी** दिखाकर ट्रेन को किया रवाना

# 1344 श्रद्धालुओं को लेकर अयोध्या रवाना हुई आस्था ट्रेन

बेधड़क | जैसलमेर

श्रीरामजन्मभूमि अयोध्या धाम दर्शन के लिए दूसरी स्पेशल आस्था ट्रेन शनिवार को जैसलमेर के रेलवे स्टेशन से रवाना हुई। जैसलमेर विधायक छोटू सिंह भाटी ने इस ट्रेन को रेलवे स्टेशन से भगवा झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं के साथ उनको विदा करने उनके परिजन और रिश्तेदार भी मौजूद रहे।

इस मौके पर विधायक ने बताया कि बरसों से अयोध्या में रामलला की प्रतिक्षा अब जाकर पूरी हुई है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए



देश के प्रधानमंत्री को हम सब धन्यवाद देते हैं कि उन्होंने इसको संभव कर दिखाया है। साथ ही भक्तों के लिए देश भर से अयोध्या धाम के लिए स्पेशल ट्रेन चलाकर सभी के लिए बेहतरीन सुविधाएं दी है। इस दौरान भक्तों में उल्लास का माहौल दिखा। ट्रेन रवाना होने पर जय श्रीराम के उद्घोष से समूचा माहौल गूंज उठा। भक्तों का कहना था कि रामलला के दर्शन के लिए सभी लोग उत्साहित हैं। सरकार की ओर से चलाई गई ट्रेन से रामलला के दर्शन की सौगात अच्छी पहल है। आस्था स्पेशल ट्रेन शाम 4.30 बजे जैसलमेर से अयोध्या के लिए रवाना हुई।

इस स्पेशल ट्रेन से 1344 श्रद्धालु अयोध्या के लिए रवाना हुए। आस्था ट्रेन में 650 श्रद्धालु जैसलमेर से, 650 फलोदी से व 44 श्रद्धालु नागौर से हैं। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ यात्रा दर्शनार्थी अभियान के जिला संयोजक बाबू लाल शर्मा ने बताया की ये यात्रा 4 मार्च को अयोध्या पहुंचेगी। दूसरे दिन 5 मार्च को अयोध्या धाम से शाम 5:40 बजे रवाना होगी जो 7 मार्च को सुबह 5 बजे वापस जैसलमेर पहुंचेगी।

### ट्रेन में सभी सुविधाएं मौजूद

बाबूलाल शर्मा ने बताया कि यात्रा को आरामदेह व सुखद बनाने के लिए आईआरसीटीसी की तरफ से रास्ते में चाय, नाश्ता व दोनों समय के भोजन के साथ सभी यात्रियों को चद्दर, कंबल व तकिया भी दिया जाएगा। आस्था ट्रेन प्रमुख सुशील कुमार व्यास ने बताया कि सभी कोचों के प्रमुख बनाए गए है, जो अपने-अपने कोचों का प्रबंध संभालेंगे। उन्होंने बताया कि आस्था ट्रेन से अयोध्या धाम जाने के लिए भक्तों में काफी उत्साह है।

### 6 मार्च को सीकर से अयोध्या जाएगी स्पेशल ट्रेन

सीकर। जिले से अयोध्या जाने वाले राम भक्तों के लिए अच्छी खबर है। 6 मार्च को सीकर रेलवे स्टेशन से अयोध्या तक स्पेशल ट्रेन जाएगी। ट्रेन में अयोध्या जाने के लिए यात्रियों को रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने बताया कि शेखावाटी के लोग काफी समय से राम जन्म भूमि अयोध्या में जाने के लिए सीकर से अयोध्या तक ट्रेन चलाने की मांग कर रहे थे। राम भक्तों की मांग को देखते हुए 6 मार्च को सुबह 5:30 सीकर से स्पेशल ट्रेन अयोध्या जाएगी जो राम जन्मभूमि के दर्शन कराएगी। सरस्वती ने बताया अयोध्या जाने के लिए 3 मार्च तक यात्रियों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। यात्री रजिस्ट्रेशन रामलीला मैदान में स्थित सांसद कार्यालय में करा सकते हैं। सीकर से अयोध्या जाने के लिए प्रति व्यक्ति का किराया 1100 रुपए होगा जिसमें ट्रेन के अंदर खाना, नाश्ता भी दिया जाएगा। अयोध्या में रुकने व खाने-पीने की व्यवस्था भाजपा इकाई द्वारा की जाएगी। यह ट्रेन बीच में बिना रुके अयोध्या पहुंचेगी।

---

**कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने** प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

# प्राकृतिक आपदा से नुकसान का जल्द मिलेगा मुआवजा

बेधड़क | दौसा

प्रदेश में जोरदार अंधड़ और तूफान सहित आकाशीय बिजली गिरने की घटना से प्रभावित क्षेत्रों का कृषि एवं आपदा मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने दौरा किया। इस दौरान वे मीडिया से मुखातिब हुए। मंत्री किरोड़ी ने कहा कि प्रदेश में कई जगह आकाशीय बिजली गिरने से 5-6 मौत हुई है। ऐसे में शासन सचिवालय में अधिकारियों की बैठक बुलाई जाएगी।

प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से कई मौत हुई हैं, पालतु पशु भी मरे हैं। कई जगह किसानों की फसल भी खराब हुई है। आकाशीय बिजली गिरने से मौत होने के मामले में मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। वहीं फसल खराबे में गिरदावर से रिपोर्ट तैयार करवाई जाएगी और किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। वहीं उन्होंने लोकसभा टिकट वितरण के सवाल पर कहा कि मैं इसमें अधिकृत व्यक्ति नहीं हूं। मंत्री किरोड़ी ने दौसा लोकसभा सीट को लेकर कहा कि मेरा छोटा भाई नौकरी छोड़कर पिछले 20



**ईआरसीपी से अब 21 जिलों को फायदा**

कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने ईआरसीपी को लेकर कहा कि इसमें बेवकूफ बनाने वाली कोई बात नहीं है। कांग्रेस सफेद झूठ बोल रही है। सभी को पता है एमओयू हो गया है। साथ ही दौसा जिले के जिन बांधों को डीपीआर में जोड़ने की मैं मांग कर रहा था उनको भी डीपीआर में शामिल कर लिया गया है। पहले ये योजना 13 जिलों में थी, लेकिन अब 21 जिलों के लोगों को इसका लाभ मिलेगा। ईआरसीपी परियोजना से प्रदेश के पानी की समस्या से परेशान जिलों के लोगों की समस्या जल्द समाप्त हो जाएगी।

सालों से पार्टी की सेवा कर रहा है। आपातकाल में भी भूमिगत होकर पार्टी के लिए काम किया था। संघ की सभी गतिविधियों में सहयोग करता रहा था। मैंने मना भी किया, लेकिन उनका चुनाव लड़ने का मन कर रहा है। मेरा भाई दौसा संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए टिकट मांग रहा है। टिकट मांगने का अधिकार सभी को है, लेकिन ये पार्लियामेंट बोर्ड तय करेगा कि टिकट किसे मिले।

### पीएम मोदी का चल रह मैजिक

मंत्री मीणा ने कहा कि विधानसभा चुनाव में अशोक गहलोत का मैजिक नहीं चला, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मैजिक देश और दुनिया में सिर चढ़कर बोल रहा है। कई देशों के राष्ट्र अध्यक्ष नरेंद्र मोदी के पैर तक छूते हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर रंधावा के बयान पर चुटकी लेते हुए कहा कि अब टाइट हो जाओ, जनता उनको टाइट करके इलाज कर देगी। गौरतलब है कि पिछले दिनों दौसा में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा था कि अगर मैं सख्ती बरतता, तो प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनती।

---

**स्वर्णनगरी में भ्रमण** पर पहुंचे

# राजस्थानी स्वागत को देख रोमांचित हुए अमेरिका के राजदूत

बेधड़क | जैसलमेर

अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी स्वर्णनगरी में भ्रमण के लिए पहुंचे। एयरपोर्ट पहुंचने के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच अमेरिका के राजदूत जैसलमेर सम मार्ग पर स्थित होटल सूर्यागढ़ पहुंचे। एरिक के साथ उनका परिवार भी जैसलमेर घूमने आया है।

अमेरिका के राजदूत और उनका परिवार जैसलमेर की कला संस्कृति से रूबरू होगा। इसके साथ ही एरिक विभिन्न पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण करेंगे। होटल सूर्यागढ़ पहुंचने पर राजदूत और उनके परिवार का राजस्थानी परंपरा के साथ भावभीना स्वागत किया गया, जिसे देख वे रोमांचित हो उठे। अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने जैसलमेर के रेगिस्तान में स्थित राजकुमारी रत्नावती गर्ल्स स्कूल का भी विजिट किया। इस दौरान जैसलमेर के पूर्व महारावल चैतन्यराज सिंह भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने एरिक गार्सेटी को स्कूल के बारे में विभिन्न जानकारी दी। बता दें कि जैसलमेर के थार रेगिस्तान के बीच बना यह राजकुमारी रत्नावती गर्ल्स स्कूल बेहद ही आकर्षण का केन्द्र है। इस स्कूल को न्यूयॉर्क के आर्किटेक्ट



डायरला केलाग ने डिजाइन किया है। गर्मी में लू के चलते रेगिस्तान के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस परेशानी को दूर करने के लिए इस स्कूल को इस प्रकार से डिजाइन किया गया है कि इसके अंदर अधिक गर्मी न लगे। स्कूल भवन को अंडाकार संरचना के साथ बनाया गया है। इस स्कूल को कुछ इस तरह तैयार किया गया है कि यहां बिना किसी एसी या कूलर के भी हमेशा ठंडी हवा आती है। इस स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर कक्षा 10वीं कक्षा तक की 400 से अधिक छात्राएं पढ़ती हैं। जिस गांव में यह स्कूल है, वहां महिला साक्षरता दर बहुत ही कम है। ऐसे में इस स्कूल में एक पुस्तकालय और संग्रहालय के साथ एक कला प्रदर्शनी स्थल भी है। इसके अलावा यहां महिला सहकारी केंद्र है, जहां स्थानीय कारीगर महिलाएं बुनाई और कढ़ाई की तकनीक भी सीख रही हैं।

---

**पत्नी ने शराब के लिए पैसे नहीं देने** पर उठाया कदम

# नशेड़ी पिता ने शराब के लिए ढाई साल के मासूम को छत से फेंका

बेधड़क | सीकर

जिले में एक नशेड़ी पिता ने शराब के लिए अपने ही मासूम बेटे की जान ले ली। दरअसल पत्नी ने शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो शराब पति ने मासूम पर अपना गुस्सा निकाल दिया।

दिल दहला देने वाला यह मामला सीकर जिले के जाट बाजार के पास मोहल्ला दराब में सामने आया। जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला सपना ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसका पति शाहरुख (30) शराब पीने का आदी है। वह रोजाना शराब पीता है। गुरवार देर शाम उसका पति शाहरुख शराब पीकर घर आया। वह बहुत ज्यादा नशे में था। इस दौरान सपना खाना बना रही थी।

आरोपी ने उससे और शराब पीने के लिए रुपए मांगे, लेकिन सपना ने रुपए देने से मना कर दिया। कुछ देर बाद वह ढाई महीने के बेटे को लेकर छत पर चला गया। कुछ देर तक तो वह बच्चे के साथ खेलता रहा और फिर नीचे फेंक दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान पड़ोसियों ने शाहरुख को बच्चे को फेंकते देखा तो वह घर आए, जिन्हें देखकर आरोपी शाहरुख फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस से सपना ने कहा कि बच्चा खेलते-खेलते हाथ से गिर गया था, लेकिन शुक्रवार को आरोपी शाहरुख की पत्नी थाने पहुंची और पति पर बेटे की हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया।

सपना ने पुलिस से कहा कि शराब के लिए रुपये नहीं देने पर पति शाहरुख ने गुस्से में बेटे की हत्या कर दी। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की दी है।

---

**मेहंदीपुर बालाजी जाते समय BJP प्रदेशाध्यक्ष ने** कार्यकर्ताओं से किया संवाद

# यमुना जल समझौते से बौखला गई कांग्रेस

बेधड़क | दौसा

यमुना जल समझौते पर लगातार कांग्रेस नेताओं की ओर से की जा रही बयानबाजी को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने पलटवार किया है। इसके जवाब में जोशी ने कहा कि यमुना जल समझौते से कांग्रेस बौखला गई है। इसको लेकर कांग्रेस ने अब तक केवल झूठे नारे और वादे दिए हैं। जबकि इस जल परियोजना को साकार करने के लिए कोई कदम नहीं बढ़ाया।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के प्रयासों से कुछ ही दिनों में इस समस्या का हल निकालकर



समझौता किया गया। ऐसे में अब कांग्रेस को समझौता सहन नहीं हो रहा है। सीपी जोशी ने कहा कि यमुना जल समझौते से शेखावाटी के कई जिलों की पानी की समस्या का समाधान हो सकेगा वहीं खेतों में सिंचाई के लिए भी पर्याप्त पानी मिल सकेगा। इससे किसानों को भी फायदा मिलेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी दौसा से मेहंदीपुर बालाजी जाते हुए कलेक्ट्रेट बाइपास चौराहे पर रुके, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि इन लोकसभा चुनावों में पार्टी राजस्थान में पूरी 25 सीटें जीतेगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ईआरसीपी के एमओयू को सार्वजनिक करने की बात कर रही है, लेकिन पहले वो खुद बताए कि उन्होंने आखिर किया ही क्या है? कांग्रेस ने जनता से केवल झूठे वादे करने का काम किया है। जोशी ने जनता को आश्वस्त किया कि 2050 तक सभी को पर्याप्त पानी मिलेगा किसी को भी कोई चिंता करने की जरुरत नहीं है। खासतौर पर कांग्रेस को तो इस मामले में बिल्कुल भी चिंता करने की जरूरत नहीं है।

---

**पीएम मोदी पर डोटासरा ने साधा निशाना**

# PM मोदी के साल 2014 के वादे अब तक अधूरे, जनता को कर रहे भ्रमित

बेधड़क | धौलपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा है कि भाजपा धर्म की राजनीति कर वोट बटोर रही है। हिन्दू-मुस्लिम की बात कर जनता को भ्रमित असली मुद्दों से ध्यान हटाया जा रहा है। भाजपा को आम आदमी समस्या से कोई सरोकार नहीं है।

डोटासरा शनिवार को राहुल गांधी की न्याया यात्रा में शामिल होने धौलपुर पहुंचे थे। यहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उनकी सरकार पर तीखा जुबानी हमला बोला। डोटासरा ने भाजपा पर हिंदू-मुस्लिम एवं ध्रुवीकरण की राजनीति करने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का सात



दिन का विराम लगने के बाद शनिवार को फिर से आगाज हुआ है। यात्रा में जबरदस्त रेस्पॉन्स मिल रहा है। यात्रा के दौरान किसान, मजदूर, युवा, बेरोजगार महिला और व्यापारी सभी के ज्वलंत मुद्दे निकलकर सामने आ रहे हैं।

भाजपा पर जुबानी हमला बोलते हुए डोटासरा ने कहा कि मोदी सरकार के साल 2014 में किए गए वादे पूरी तरह से विफल रहे हैं। मोदी सरकार ने किसान की आय दोगुनी करने का वादा किया था।

महिलाओं को सशक्त बनाने की बात कही थी, लेकिन जितने भी वादे किए थे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वादों पर खरे नहीं उतरे हैं। देश के प्रधानमंत्री ने सबका साथ सबका विकास का नारा दिया था, लेकिन वह गौण साबित हो रहा है।

### भाजपा के पास आम आदमी के मुद्दे नहीं

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि चुनाव आते ही भाजपा नए मुद्दे तलाश शुरू कर देती है। ऐसे मुद्दे सामने लाए जाते हैं, जिनसे आम जनता का कोई सरोकार नहीं है, सिर्फ जनता को भ्रमित किया जाता है। बुनियादी मुद्दों से ध्यान भटका कर हिंदू-मुस्लिम एवं ध्रुवीकरण की राजनीति कर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। इसी के आधार पर भाजपा वोटो की फसल काट रही। उन्होंने हमला बोलते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 70 साल का हिसाब तो मांग रहे, लेकिन पिछले 10 साल का हिसाब नहीं दे रहे। देश को अब एनडीए नहीं इंडिया चाहिए।

### टिकटों पर जल्द होगा फैसला

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा, लोकसभा चुनाव नजदीक हैं। आलाकमान शीघ्र निर्णय लेकर टिकटों का फैसला कर देगा।

### अफसर चला रहे सरकार

मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल के जवाब में डोटासरा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा कहीं नहीं दिख रही, सिर्फ अफसर सरकार को चला रहे हैं। उन्होंने कहा, भजनलाल सरकार पर्ची की सरकार है। ऊपर से जो फैसला आता है, उसी के मुताबिक काम किया जाता है। ईआरसीपी योजना पर भी पीसीसी चीफ ने भाजपा को घेरा। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते को लेकर भाजपा जनता को भ्रमित कर रही है। समझौते में प्रदेश के हिस्से आने वाली पानी में कटोती की गई है।

### अवसर: टैलेंटस्प्रिंट ने लॉन्च किया गूगल समर्थित स्कॉलरशिप व इंटर्नशिप कार्यक्रम


# WISH से सशक्त बनेंगी महिला इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सेमीकंडक्टर और हार्डवेयर से जुड़े कोर्स कर रही महिला इंजीनियरिंग स्टूडेंट्स के लिए अच्छी खबर है। डीपटेक कार्यक्रम प्रदान करने वाली एडटेक फर्म टैलेंटस्प्रिंट ने अपनी तरह के पहले WISH कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है, जिसे सेमीकंडक्टर और हार्डवेयर उद्योगों में महिला इंजीनियरों को सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

WISH प्रोग्राम गूगल द्वारा समर्थित होगा। इस कार्यक्रम के तहत 50 चयनित तृतीय वर्ष की महिला इंजीनियरिंग छात्राओं को 100 प्रतिशत शुल्क छात्रवृत्ति और इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। WISH अपने सहयोगी कार्यक्रम, टैलेंटस्प्रिंट के महिला इंजीनियर्स (WE) कार्यक्रम से प्रेरित है, जिसे गूगल द्वारा भी समर्थित किया गया है।

2019 में लॉन्च होने के बाद से, WE कार्यक्रम ने 950 से अधिक महिला सॉफ्टवेयर इंजीनियर्स के जीवन को प्रभावित किया है, जिन्होंने दुनिया भर के शीर्ष आईटी संगठनों में अपना करिअर शुरू किया है। गूगल के वीपी टेक्निकल फेलो पार्थ रंगनाथन का कहना है कि टैलेंटस्प्रिंट के WISH कार्यक्रम का समर्थन महिलाओं



को सेमीकंडक्टर और हार्डवेयर उद्योगों में अग्रणी बनने के लिए सशक्त बनाकर वैश्विक तकनीकी कार्यबल में विविधता के प्रति हमारी चल रही प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

WISH एक ऐसे कार्यबल को बढ़ावा देने के गूगल के दृष्टिकोण की दिशा में एक कदम आगे है जो उपयोगकर्ता विविधता को प्रतिबिंबित करता है, अपनेपन की संस्कृति का निर्माण करता है और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करता है। टैलेंटस्प्रिंट के संस्थापक सीईओ और एमडी संतनु पॉल का कहना है कि WE और TechWise जैसे कार्यक्रमों के लिए गूगल के निरंतर समर्थन के साथ, WISH विविधता, समानता और समावेशन के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण प्रयास के रूप में उभरा है। WISH कार्यक्रम एक सोच-समझकर बनाई गई पहल है जिसका लक्ष्य सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए महिलाओं का एक महत्वपूर्ण प्रतिभा पूल बनाकर हार्डवेयर उद्योग में बाधाओं को तोड़ना है। व्यावहारिक प्रशिक्षण और सहयोगी सहकर्मी शिक्षा के साथ, WISH महिलाओं को सिलिकॉन हार्डवेयर इंजीनियरिंग में सबसे आगे ले जाएगा। यह मौजूदा तकनीकी परिदृश्य को एक समावेशी और न्यायसंगत उद्योग में फिर से परिभाषित करेगा।

#### मिलेगा ऑनलाइन प्रशिक्षण

WISH कार्यक्रम छात्राओं को हार्डवेयर उद्योग में आवश्यक प्रौद्योगिकी, सॉफ्ट स्किल्स और उपकरणों में ज्ञान विकसित करने के लिए ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान करेगा। छात्र गूगल साइट पर व्यावहारिक भौतिक बूटकैंप में भी भाग लेंगे, जिसके बाद इंटर्नशिप के अवसर मिलेंगे। अनुभवी टैलेंटस्प्रिंट प्रशिक्षकों और गूगल सलाहकारों से विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

## Yuva स्टोरीज

### राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली



**बेधड़क** | जयपुर

जगतपुरा स्थित ट्यूटो इंटरनेशनल स्कूल की ओर से राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस को लेकर जागरूकता अभियान की शुरुआत शनिवार से की गई। इस अवसर पर स्कूल के स्टूडेंट्स की ओर से पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर विभिन्न मुद्दों पर आमजन को जागरूक किया गया। आयोजन के दौरान रामनगरिया थाना इंचार्ज अरुण कुमार ने सभा को संबोधित किया एवं सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर स्टुडेंट्स, आमजन एवं स्कूल प्रबंधन को संबोधित किया। कुमार ने बताया कि कोई भी संदिग्ध हरकत होने पर तुरंत प्रभाव से स्थानीय थाने को सूचित करना आमजन की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन की ओर से अरुण कुमार एवं उनकी टीम का इलाके में बेहतर कार्य करने के लिए सम्मान किया गया। स्कूल के निदेशक महेंद्र शर्मा ने बताया कि बच्चों के भीतर अभी से राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर अलख जगानी चाहिए, इसी के चलते इस तरीके के आयोजन नियमित रूप से किए जाते रहते हैं।

### छात्राओं ने खेलों में दिखाया दम-खम



**बेधड़क** | जयपुर

खेलो भारत, जयपुर की ओर से शनिवार को अग्रवाल पीजी महाविद्यालय में रोमांचक छात्रा खेल प्रतियोगिताओं कबड्डी, रस्साखींच, म्यूजिकल चेयर, लंगड़ी टांग एवं तीन पैर दौड़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में सौ से अधिक छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के दौरान छात्राओं के बीच भारी उत्साह व जोश का माहौल देखने को मिला। सभी प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने पूरे उल्लास के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में प्रान्त मंत्री अभिनव सिंह, महानगर मंत्री ट्विंकल शर्मा, चाइना, सुशील, मोनू स्वामी, मंकूर शर्मा, पूजा चौधरी, शिक्षिका डॉ. गीता, डॉ. माया अग्रवाल, डॉ. नीतू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### पीआईएल से मिलता है अधिकारों को संरक्षण

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फोर वीमेन की ओर से राजस्थान एज्यूकेशन ट्रस्ट के सहयोग से शनिवार को सैकंड जस्टिस एससी अग्रवाल मैमोरियल लैक्चर का आयोजन किया गया। लेक्चर 'पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन- हिस्ट्री, चैलेंजेंस एंड प्रोस्पेक्ट्स' विषय पर आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण रहे। व्याख्यान की शुरुआत डॉ. रश्मि चतुर्वेदी निदेशक, राजस्थान स्कूल ऑफ लॉ फोर वीमेन ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्थान एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष डीसी अग्रवाल ने ट्रस्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। पूर्व न्यायाधीश जेके रांका ने विभिन्न मुद्दों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि प्रशांत भूषण ने लोकहित वाद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकिया की वजह से ही आज हम संविधान-प्रदत्त अधिकारों का न्यायपालिका द्वारा विस्तार देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीआईएल के माध्यम से कैदियों के अधिकार, बेघर, प्रवासी तथा नरेगा मजदूरों के अधिकारों को संरक्षण मिलता है। व्याख्यान को पूर्व न्यायाधीश पीसी जैन, जस्टिस प्रशांत अग्रवाल, जस्टिस बनवारी लाल शर्मा, जस्टिस मीना गोम्ब, ऑल इंडिया लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विक्रम सिंह नैन, सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय व प्राचार्य डॉ. वार्तिका अरोड़ा सहित विभिन्न वक्ताओं ने विषय पर प्रकाश डाला।

### वीजीयू में 'न्यूरो प्रबंधन व नेतृत्व' पर संगोष्ठी

# विशेषज्ञों ने सुलझाई न्यूरो साइंस की गुत्थियां



**बेधड़क** | जयपुर

विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शनिवार को तंत्रिका विज्ञान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। यूनिवर्सिटी में 'न्यूरो प्रबंधन व नेतृत्व' पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में का आयोजन किया गया। इसके साथ ही मैनेजमेंट स्टडीज विभाग की ओर से 'सेंटर ऑफ न्यूरो डिसीजन रिसर्च' को लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय व देशभर के विभिन्न शिक्षण संस्थानों से छात्र-छात्राओं व शिक्षाविदों ने हिस्सा लिया।

इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य संगठनात्मक प्रबंधन और तंत्रिका विज्ञान के अंतर्संबंध व मस्तिष्क की गतिशीलता से प्रबंधन प्रोटोकॉल पर पड़ने वाले प्रभावों से आगाह करना था। साथ ही संज्ञानात्मक पूर्वाग्रहों और निर्णय लेने के न्यूरोलॉजिकल आधार, बौद्धिक आदान-प्रदान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करना था।

इस एक दिवसीय सम्मेलन ने नेतृत्व और प्रबंधन के भविष्य की एक झलक प्रदान की। जैसा कि हम एक तेजी से जटिल और वैश्विक कार्यस्थल में प्रवेश करते हैं, न्यूरो विज्ञान के सिद्धांतों को समझना प्रभावी नेताओं और प्रबंधकों के लिए महत्वपूर्ण है। गौरतलब है कि विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी की ओर से इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में अत्याधुनिक विचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जाते हैं।



#### कुछ बड़ा पाना है तो छोड़ें कंफर्ट जोन

समारोह का शुभांरभ कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर व वीजीयु के संस्थापक डॉ के आर बागडिया के उद्बोधन से हुआ। विशिष्ट अतिथियों व पैनलिस्ट का स्वागत संस्थान के सीईओ ओंकार बागड़िया, प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. संतोष कुमार, प्रो-प्रेसिडेंट डॉ. डीवीएस भगवानुलु व प्रबंधन निदेशक मालाविका बागड़िया ने किया। संस्थान के संस्थापक डॉ. केआर बागड़िया ने प्रबंधन प्रथाओं में न्यूरोसाइंस के महत्वों के बारे में प्रेरणादायक वक्तव्य दिया। उन्होंने बताया कि संवेदनात्मक बुद्धिमता (आईक्यू) को बढ़ावा देने के लिए किस दिशा में कैसे उपयोग किया जा सकता है। मुख्य अतिथि कर्नल प्रो. ज्योतिर्मय सत्पथी ने कार्यक्रम में उपस्थित फैकल्टीज व छात्र-छात्राओं को जीवन में कुछ महत्वपूर्ण हासिल करने के लिए कंफर्ट जोन का त्याग करने व सीमा से परे विभिन्न पद्धतियों और प्रथाओं का उपयोग करने पर बल देते हुए जागरुक किया। साथ ही जाने माने मनोचिकित्सक व राजस्थान अस्पताल के निदेशक डॉ. राघव शाह ने अपने वक्तव्य में न्यूरोसाइंस और संगठनात्मक प्रबंधन के अंतर्संबंध व मस्तिक की गतिशीलता से प्रबंधन विधाओं पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी।

### कॉन्फ्रेंस में विज्ञान, प्रबंधन व तकनीकी पर हुई चर्चा




**बेधड़क** | जयपुर

महर्षि अरविंद यूनिवर्सिटी एवं इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन व जयपुर मैनेजमेंट एसोसिएशन जयपुर चैप्टर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन शनिवार को हुआ। 'रीसेंट डेवलपमेंट एंड इनोवेशन इन साइंस मैनेजमेंट एंड इनफॉर्मेटिक्स' विषय पर आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में देश दुनिया के 100 से अधिक डेलिगेट्स ने हिस्सा लिया एवं विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। आयोजन की शुरुआत यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. भारत पाराशर ने की। उन्होंने अपने संबोधन मे बताया कि विज्ञान, प्रबंधन एवं तकनीकी के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों के चलते आज पूरी दुनिया भारत की ओर देख रही है, ऐसे में भारत में इन क्षेत्रों के विकास की अपार संभावना है। दो दिन में कांफ्रेंस के दौरान आयोजित तीन सत्रों में देश-विदेश से आए वक्ताओं ने अपनी बात रखी। प्रो. डीपी शर्मा ने कॉन्फ्रेंस के महत्व पर प्रकाश डाला एवं साइंस व मैनेजमेंट के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों से डेलीगेट्स को रूबरू करवाया। मुख्य वक्ता के रूप में नेपाल के डॉ. प्रधान ने डेलीगेट्स से इंटरेक्शन किया। दो दिन तक चले समारोह के दौरान डेलिगेट्स ने विभिन्न मुद्दों पर एक्सपर्ट्स के साथ चर्चा भी की। यूनिवर्सिटी के चेयरपर्सन डॉ. भारत पाराशर ने सभी आगंतुकों एवं वक्ताओं को धन्यवाद दिया।

### पेमेंट के लिए IGNOU के लिंक का ही करें उपयोग

**नई दिल्ली।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (IGNOU) ने छात्रों को संगठन का प्रतिनिधित्व करने का झूठा दावा करने वाले व्यक्तियों के धोखाधड़ी पूर्ण और भ्रामक अनुरोधों के प्रति सचेत किया है। यह सलाह कुछ घटनाओं के जवाब में जारी की गई है जहां अनधिकृत व्यक्ति या एजेंसियां संदेश, ईमेल और फोन कॉल के माध्यम से छात्रों तक पहुंच रही हैं। संस्थान ने कहा कि ये व्यक्ति ईमेल, टेलीफोन कॉल और किसी अन्य माध्यम से परीक्षा शुल्क, डुप्लिकेट ग्रेड कार्ड और डिग्री जारी करने, प्रतिलेख, प्रमाणपत्रों के सत्यापन, परियोजना और व्यावहारिक शुल्क, पुनर्मूल्यांकन, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी आदि के लिए भुगतान का अनुरोध कर रहे हैं। विश्वविद्यालय ने छात्रों को सूचित किया कि भुगतान एकत्र करने के लिए किसी व्यक्ति या एजेंसी को अधिकृत नहीं किया गया है। विश्वविद्यालय ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट ignou.ac.in के माध्यम से भुगतान करने और प्रवेश, पुनः पंजीकरण शुल्क आदि के भुगतान के लिए वेबसाइट पर उपलब्ध प्रासंगिक लिंक का पालन करने पर जोर दिया है। संस्था ने कहा कि प्रवेश, पुनः पंजीकरण और अन्य संबंधित मामलों से संबंधित ईमेल विश्वविद्यालय मुख्यालय और क्षेत्रीय केंद्रों द्वारा भेजे जाते हैं। ये @ignou.ac.in, @samarth.ac.in, @samarth.edu.in पर समाप्त होने वाली ईमेल आईडी का उपयोग करते हैं।

ignou THE PEOPLE'S UNIVERSITY


**संगोष्ठी** | जैन अनुशीलन केंद्र में संगोष्ठी 'वर्तमान में वर्धमान'

# भगवान महावीर की वाणी है विश्वकल्याण की वाणी

**बेधड़क** | जयपुर

भगवान महावीर के 2550वें निर्वाणोत्सव एवं जैन अनुशीलन केंद्र, राजस्थान विश्वविधालय के स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में राजस्थान विश्वविद्यालय में शनिवार को 'वर्तमान में वर्धमान' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह संगोष्ठी जैन अनुशीलन केंद्र एवं अनेकान्तवाद फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई। आयोजन सचिव रोहित कुमार जैन ने संगोष्ठी की प्रस्तावना रखते हुए बताया कि तीर्थंकर भगवान महावीर का 2550वां निर्वाणोत्सव वर्ष शांति की तलाश कर रहे पूरे विश्व के लिए एक प्रकाश स्तंभ



है, जिसकी रोशनी में वैश्विक समस्याओं का समाधान खोजा जा सकता है। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि पद्मभूषण से सम्मानित भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के डीआर मेहता ने कहा कि आज हमें अपनी आवश्यकताओं को सीमित करना चाहिए और अपने अलावा दूसरे के परिप्रेक्ष्य को समझना व स्वीकार करना चाहिए। विशिष्ट अतिथि सुबोध जैन शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष आरसी जैन ने कहा कि भगवान महावीर की वाणी विश्वकल्याण की वाणी है, सर्व हितार्थ है। अतिथि वक्ता अतिरिक्त आयकर आयुक्त डॉ. धीरज जैन ने कहा कि महावीर के सिद्धांत सर्वकालिक और सर्वजनीन हैं। आज की हिंसा और भागदौड़ भरी जिंदगी में अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांतवाद मानव को नई राह दिखा सकते हैं इसलिए वर्तमान में वर्धमान की बड़ी आवश्यकता है। अंत में आयोजन सह सचिव डॉ. नीलम जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

#### स्त्री के लिए धर्म का मार्ग खोलते हैं महावीर

जैन अनुशीलन केंद्र के पूर्व निदेशक प्रो. अनिल जैन ने जैन परम्परा में स्त्री सरोकार पर विचार रखते हुए बताया कि महावीर स्त्री के लिए धर्म का मार्ग खोलते हैं, जैन परम्परा के ग्रंथ ब्राह्मी व सुंदरी माध्यम से स्त्री शिक्षा का मार्ग खोलते हैं। जैन धर्म में मातृत्व के प्रति अद्भुत सम्मान का भाव है। प्रो .संजय जैन ने अनेकान्तवाद के सामाजिक परिपेक्ष्य पर विचार रखते हुए कहा कि यदि हम मतभेदों के सौंदर्य को नही समझते तो हम अनेकान्तवादी नही हैं। पारस्परिक समन्वय, सह अस्तित्व और सद्भाव



अनेकान्तवाद के मूल मंत्र है। समारोह की अध्यक्षता निदेशक जैन अनुशीलन केंद्र प्रो.रश्मि जैन ने की। उन्होंने कहा कि आज के व्यक्तिवादी युग मे भगवान महावीर के सिद्धान्तों का महत्व है। अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकान्त की त्रिवेणी आज वैश्विक समस्याओं के समाधान में उपयोगी है।



पंकज ओझा
राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी

## शाश्वत सनातन

*रामेश्वरम् ज्योतिर्लिंग मंदिर के बारे में मान्यता है कि यहां पर स्नान करने और विधि विधान से पूजन करने से ब्रह्म हत्या जैसे पाप से मुक्ति मिल जाती है। दक्षिण भारत की काशी के रूप में प्रसिद्ध इस स्थान पर लंका विजय के लिए जाते समय भगवान राम ने रावण पर विजय की कामना के लिए रेत से शिवलिंग बनाया था। कहते हैं कि इस पूजा को रावण ने पुरोहित बनकर संपन्न करवाया था और इसके लिए साथ में सीता को भी लेकर आया था। उन्हें पूजन के बाद रावण वापस ले गया था।*

### भगवान राम ने की थी रामेश्वरम् ज्योतिर्लिंग की स्थापना

# यहां स्नान करने से ब्रह्म हत्या जैसे पापों से मिलती है मुक्ति

भारत में जिस तरह काशी का महत्व उत्तर भारत में माना जाता है, उसी प्रकार दक्षिण भारत में रामेश्वरम का महत्व है। रामेश्वरम हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी से चारों तरफ से घिरा हुआ एक शंख के आकार का द्वीप है। मान्यताओं के अनुसार रावण से युद्ध के लिए लंका की चढ़ाई करने से पूर्व भगवान राम ने इसी स्थान पर समुद्र के बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की थी। मान्यता है कि यहां पर स्नान करने और इस ज्योतिर्लिंग की विधि-विधान से पूजा करने से ब्रम्ह हत्या जैसे पापों से मुक्ति मिलती है। जो व्यक्ति यहां स्थित भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग पर पूरी श्रद्धा से गंगाजल चढ़ाता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।






## रामेश्वरम् मंदिर की ये हैं विशेषताएं

*रामेश्वरम् मंदिर लगभग 1000 फुट लंबा और 650 फुट चौड़ा है। इस मंदिर में 40 फुट ऊंचे दो पत्थर इतनी बराबरी के साथ लगाए गए हैं कि इनको देखकर आश्चर्य होना स्वभाविक है। रामेश्वरम मंदिर का गलियारा विश्व का सबसे लंबा गलियारा है। यह उत्तर से दक्षिण में 197 मीटर और पूर्व पश्चिम में 133 मीटर लंबा है। इस गलियारे के परकोटे की चौड़ाई 6 मीटर और ऊंचाई 9 मीटर है। मंदिर में प्रवेश द्वार 38.4 मीटर ऊंचा है। यह मंदिर लगभग 6 हेक्टेयर में बना हुआ है। प्रचलित किवदंतियों की मानें तो इस मंदिर के अंदर सभी 22 कुएं भगवान राम ने अपने बाणों से बनाए थे। ऐसा माना जाता है कि इनमें कई तीर्थ स्थलों का जल मिलाया गया था। इस स्थान पर 22 तीर्थम है जहाँ स्नान करने से व्यक्ति को समस्त प्रकार के रोगों और पापों से मुक्ति मिलती है। दूसरे शब्दों में कहें तो काशी की ही भांति यहां आने वाले हर व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है।*

## रावण ही बने थे राम के पुरोहित

*ऐसी भी मान्यता है कि भगवान शिव के इस लिंग की स्थापना के लिए महापराक्रमी और महा पंडित रावण ही पुरोहित बने थे और वह माता सीता को श्रीलंका से अपने साथ लाए थे। शिवलिंग की स्थापना के बाद वापस ले गए थे। रावण ने दक्षिणा के रूप में यह मांगा था कि यजमान जब उनका अंतिम समय हो तो उसके सामने रहे। रामेश्वरम् में पूजा से पहले सामने स्थित समुद्र में स्नान करना होता है। उसके बाद 22 कुओं के जल से स्नान के पश्चात ही शिव अभिषेक या भगवान शिव की पूजा का विधान है।*



## शिव पुराण और स्कन्द पुराण में भी वर्णन

*पुराणों के अनुसार, रावण एक ब्राह्मण था और ब्राह्मण को मारने के दोष को खत्म करने के लिए भगवान राम भगवान शिव की पूजा करना चाहते थे, लेकिन तब इस द्वीप पर कोई मंदिर नहीं था। इसलिए हनुमान जी को कैलाश पर्वत से शिवलिंग लाने के लिए कहा गया। हनुमान जी समय पर नहीं पहुंच पाए, तब माता सीता ने समुद्र की रेत को मुट्ठी में उठाकर शिवलिंग का निर्माण किया और इसी शिवलिंग की भगवान राम ने पूजा की। हनुमान जी के द्वारा लाए गए शिवलिंग को भी यहीं पर स्थापित कर दिया गया। माता सीता द्वारा रेत से निर्मित शिवलिंग को रामलिंगम का नाम दिया गया जबकि हनुमान जी द्वारा लाये गए शिवलिंग को विश्वलिंगम कहा जाता है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में शामिल इस 11वें रामेश्वरम ज्योतिर्लिंग की महिमा के बारे में शिव पुराण और स्कन्द पुराण में वर्णन मिलता है।*



## यहां पर ही शिव ने दिया था रावण पर विजय का आशीर्वाद

ऐसा भी कहा जाता है कि जब भगवान राम यहां पर ठहरकर जल ग्रहण कर रहे थे तब आकशवाणी हुई थी। कहा गया था कि मेरी आराधना किए बिना ही जल ग्रहण कर रहे हो? आकाशवाणी के बाद ही श्री राम ने समुद्र के बालू से शिवलिंग निर्मित किया और पूजा-अर्चना की। भगवान शिव श्री राम की पूजा से अत्यधिक प्रसन्न हुए। राम ने भगवान शिव के परम भक्त रावण से विजय प्राप्ति का वरदान मांगा था। इसके बाद ही श्री राम लंका पर विजय प्राप्त कर पाए थे।

---

### कविता

## असली धन





सुनील कुमार महला
उत्तराखंड

आज रुंध गया मेरा गला
क्योंकि आज
हवाओं की सनसनाहट में
उसके पत्ते सुर नहीं छोड़ रहे थे
गिलहरियां न जाने कहां
नदारद हो गई थी यकायक?
शायद ढूंढ लिया होगा
कोई दूसरा आसियाना
पक्षियों की चहचहाहट आज कानों में
स्वर लहरियां बनकर नहीं दौड़ रही थी
खिड़कियों से आज सीधे
सूरज की तेज रश्मियां
मेरे बेडरूम में झांक रही थी
चींटियों की बांबी की मिट्टी भी
आज तेज-तर्रार आरी की तेज रगड़ से
यत्र-तत्र बिखर गई थी
उसने सब देखा
सब सुना, सब जाना
मूक साक्षी था वह
आदमीजात की नीयत का
लेकिन
एक शब्द भी आह नहीं निकली उसके मुख से
वह निढ़ाल हो गया
पैसों की झोली भरकर 'आदमी' निहाल हो गया
उसने(उस पेड़ ने) अपना आसियाना छोड़ा
आदमी ने उससे अपना आसियाना बनाया
मैं क्षुब्ध (क्षोभ से परिपूर्ण) हूं आज
क्योंकि
आज धरती का असली धन
खो चुका था...!

---

### शब्दों की सीख

# पुरुष भी रोता है



डॉ.कांता मीना
शिक्षाविद एवं साहित्यकार

अमन ज्यों ही अपने नाना जी के स्कूटर पर बैठा, बोल पड़ा... अरे नाना जी आज फिर आप देर से आए मुझे लेने। मेरे सभी दोस्त जा चुके हैं। हां बेटा,वो रास्ते में तुम्हारे लिए नए वाले मानचित्र लेने चला गया था। तुम्हीं ने तो सुबह बताया था। मानचित्र में अपने शहर का नाम व मौजूदा पर्यटन स्थल अंकित करना तुम्हारे अवकाश के दिनों का गृह कार्य है। अध्यापिका ने पहले ही करने को दे दिया है। अमन बोला-अच्छा! नानाजी आज मेरी चित्रकला की कॉपी का पेज अंकित ने फाड़ दिया था। आपको पता है मैं आज रोया नहीं। नाना ने पूछा- क्यों क्या हुआ। कल तक तो तुम बात-बात पर रोते थे। हां, पर नानाजी बाईजी कहती है कि लड़कियों की तरह क्या बात-बात पर रोते हो। इसलिए अब मैं नहीं रोऊंगा। आपको पता है मैडम भी कह रही थी कि पुरुष कभी नहीं रोते। अमन की बात सुनकर नानाजी ने उसकी तरफ देखा। अभी तो तुम सिर्फ कक्षा सातवीं में हो और इतनी बड़ी-बड़ी बातें करते हों और तुमने ये बात गलत कहीं है कि पुरुष रोते नहीं है। अरे भाई पुरुष भी तो इंसान ही हैं। वो कोई पत्थर के थोड़ी बने हैं। हां पर पुरुष हर आम चीजों के लिए नहीं रोते हैं उन्हें पता है। वो उन्हें और मिल जाएगी। पर पुरुष जब रोते हैं ना तो पत्थरो में भी कंदन हो जाते हैं। अच्छा पहले वो भी बात बात पर रोते हैं। फिर उन्हें बार-बार यह कहा जाता है कि क्या बात बात पर रोते हो। फिर वो किसी विशेष बात पर रोते हैं। जैसे पहली बार कुछ विशेष वस्तु के खो जाने पर, अपने अजीत दोस्तों के बिछड़ जाने पर, प्रेम में असफल हो जाने पर। परीक्षा में पास हो जाने पर। अरे नानाजी परीक्षा में पास होने पर कोई रोता है क्या। वो तो खुश होता है। नानाजी बोले-रोता है जब उसे बार-बार कोई ये कहे कि तुम पास नहीं हो पाओगे और जब वह अपनी लगन से उन लोगों को गलत साबित करता है। तब रोता है। अपनी मां के जाने पर, अपने पिता के गुम हो जाने पर पुरुष रोता है। फिर धीरे-धीरे वह रोना बंद कर देता है, क्योंकि वह पत्थर का हो चुका होता है। फिर वहीं लोग उससे कहते हैं, तुम कितने निष्ठुर, कितने पत्थर दिल हो चुके हो। इसलिए पुरुष रोता तो है पर अपने मन के भीतर। इसलिए अमन तुम भी रोया करो, जब भी तुम्हारा रोने का दिल करे। रोने से मन हल्का होता है। अमन नानाजी की गोद में बैठ गया और बोला नानाजी ये लो टॉफी आज कक्षा में मेरे दोस्त का जन्मदिन था। इसलिए मुझे दो टॉफी मिली है। चलो मुंह खोलो,आ-आ करो। अमन ने देखा नानाजी की आंखों में आंसू थे। अमन ने अपने नानाजी के गालों पर चुंबन किया और हंसते हुए बोला क्या नानाजी लड़कियों की तरह रोते हैं... और हंसने लगा।



---

### लघुकथा

## सालगिरह का तोहफा



डोली शाह
हैलाकंदी, असम

उस दिन हम लोगों की नींद तो जल्दी खुल गई थी, लेकिन आलसवश बिस्तर उठने का मन ही नहीं हो रहा था। अचानक राजू ने मुझसे कहा- हैप्पी मैरिज एनिवर्सरी। मैं एकदम चौंक गई, अरे आज ही के दिन तो हमारी शादी हुई थी। मैं यह दिन कैसे भूल गई। आगे कुछ सोच पाती उससे पहले ही राजू बोले- आज हमारी शादी की सालगिरह है। बोलो तुम्हें क्या तोहफा चाहिये?

-जो मांगूंगी, वह मिलेगा!

-हां, मांग कर तो देखो।

-ना तो नहीं करोगे ।

-अरे नहीं। बोलो तो ऐसा क्या चाहिए?

-बेटा रवि, वायु सेना की इंटरव्यू में जाने के लिए बहुत उत्सुक है। उसे जाने दो। जरूरी तो नहीं कि उसका चयन हो ही जाए, पर प्रयास तो हम कर सकते हैं। प्रयास करने में क्या दिक्कत है?

-यह तुम क्या बोल रही हो? तुम कैसी मां हो? जानती हो एक बार वायु सेना में भर्ती होने के बाद उसकी अपनी जिंदगी अपनी नहीं होती। कभी-कभी तो ऐसा भी हो जाता है कि घर पर अपनो का मृत्यु हो जाने पर भी बेटा मुंह देखने तक नहीं आ पाता।

-अगर सब के मां- बाप ऐसा ही सोच लें तो फिर देश की सुरक्षा दुश्मनों से कैसे होगी। आप देश के एक अच्छे नागरिक होकर ऐसा कैसे सोच सकते हैं? मां-बाप को अपने बच्चों की सेना में भर्ती होने पर तो गर्व होना चाहिए। यदि हर घर में यहीं सोच हो तो बॉर्डर पर कौन खड़ा होगा। देश की सेनाओं के बल पर ही हम रात के अंधेरे में चैन की नींद सो पाते हैं। मैने अवसर का लाभ लेते हुए अनुरोध के स्वर मे कहा-प्लीज, आप अपने वादे से नहीं मुकर सकते। आपको वादा पूरा करना होगा।

-ठीक है भेजो उसे इन्टरव्यू में!

-मेरी खुशी का ठिकाना नहीं रहा, क्योंकि मुझे बचपन से ही शौक था कि मैं एक सैनिक की पत्नी बनूं। शादी से वह अभिलाषा तो पूरी न हो सकी थी पर आज अवसर आया है तो एक सैनिक बेटे की मां के रूप में ही वह सपना पूरा पूरा करना चाहती हूं।

-इन्टरव्यू का परिणाम निकला। रवि परीक्षा में सफल हो गया था। आज अपने बेटे को एक सैनिक के रूप में देख कर मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। शादी की सालगिरह पर राजू के द्वारा दिए गए इस तोहफे को लेकर मेरा मन उनके प्रति सम्मान से भर गया।

सुलह की राह: केंद्र, त्रिपुरा सरकार और टिपरा मोथा के बीच त्रिपक्षीय समझौत

# त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं का होगा समाधान: अमित शाह

एजेंसी । नई दिल्ली

त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए शनिवार को एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में केन्द्र सरकार, त्रिपुरा सरकार और द इंडीजिनीयस प्रोग्रेसिव रिजनल एलायंस (टिपरा) की ओर से इस समझौते पर दस्तख्त किए गए। द इंडीजिनीयस प्रोग्रेसिव रिजनल एलायंस को टिपरा मोथा कहा जाता है। अमित शाह ने कहा कि आज का दिन त्रिपुरा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। समझौते पर हस्ताक्षर के साथ, सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है।

सरकार ने पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है।

नई दिल्ली के नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा, मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए




संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की सुरक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी। गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता, लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है।

### लोकसभा चुनाव से पहले आखिरी समझौता

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत, पूर्वोत्तर राज्यों में 11 शांति और सीमा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। उग्रवादी समूह नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) के साथ शांति समझौते पर पहले हस्ताक्षर किए गए थे और लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के लिए यह आखिरी समझौता होगा।

### प्रद्योत देबबर्ता के अनशन के बाद हुआ फैसला

टिपरा मोथा सुप्रीमो प्रद्योत देबबर्मा मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान की मांग को लेकर आमरण अनशन पर थे। केंद्र सरकार के वार्ताकारों के आश्वासन के बाद वह राष्ट्रीय राजधानी आए और समझौते के लिए राजी हो गए।

### मतदाताओं को जागरूक करने का अभियान जारी

निर्वाचन आयोग देश में आगामी लोकसभा आम चुनाव की तैयारी में जुटा हुआ है। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए स्वीप टीम जगह-जगह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक करने में जुटी है। इसी क्रम में स्वीप टीम उत्तराखंड के बागेश्वर जिले के जनजातीय गांव थाला पहुंची। स्वीप टीम के सह-नोडल अधिकारी उमेश जोशी ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय पारंपरिक झोड़ा-चांचरी और कठपुतली शो के माध्यम से ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। पौड़ी जिले में भी दिव्यांग और जरूरतमंद मतदाताओं को मतदान के लिए सक्षम ऐप के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

### मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक आज



**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर अहम राजनीतिक महत्व रखती है। मालूम हो कि निर्वाचन आयोग कुछ ही सप्ताह में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा कर सकता है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में रविवार को होने वाली केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक उनकी सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान इस तरह की आखिरी बैठक होने की संभावना है। इस बैठक में चर्चा के दौरान सरकार के प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया जा सकता है। राजग गठबंधन ने अपने विकास के दम पर मोदी के नेतृत्व में तीसरे कार्यकाल के लिए केंद्र में सत्ता बरकरार रखने का विश्वास व्यक्त किया है।

### राणा गोस्वामी असम प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष नियुक्त

**गुवाहाटी।** असम कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने वाले राणा गोस्वामी को प्रदेश भाजपा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गोस्वामी ने गुरुवार को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया था और शुक्रवार को वह भाजपा में शामिल हो गए थे। जोरहाट से दो बार के पूर्व विधायक गोस्वामी, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भाबेश कलिता की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। सीएम सरमा ने कहा कि यह असम में भाजपा के लिए एक महान दिन है क्योंकि कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने हमारी पार्टी में विश्वास व्यक्त किया है।

प्रधानमंत्री मोदी का राजद नेता तेजस्वी यादव पर तंज, कहा-

# विरासत में कुर्सी तो मिल गई, पर इसका जिक्र करने की हिम्मत नहीं

एजेंसी । पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के दौरे के दौरान लालू परिवार पर जमकर हमला बोला। बिना नाम लिए उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव पर निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि राजग ने बिहार में राजनीतिक परिवारवाद को हाशिए पर धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी राजनीति की एक और विडंबना है कि मां-बाप से विरासत में पार्टी और कुर्सी तो मिल जाती है, लेकिन मां-बाप की सरकारों के काम-काज का एक बार भी जिक्र करने की हिम्मत नहीं होती है। यह परिवादी पार्टी की हालत है। पीएम मोदी ने औरंगाबाद में एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करना उनकी गारंटी है कि बिहार में विकास हो, कानून का शासन हो और यहां की महिलाएं भय से मुक्त रहें। उन्होंने कहा कि वह अपने तीसरे कार्यकाल में भी इस दिशा में काम करना जारी रखेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सराहना करते हुए मोदी ने कहा कि बिहार में अब फिर से डबल इंजन की सरकार है।


मिले सुर...

### 28 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

पीएम मोदी ने इस अवसर पर बिहार के औरंगाबाद में 21 हजार करोड़ रुपए से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। उन्होंने रेल, सड़क, पुल समेत 28 परियोजनाओं की सौगात दी।

### अब इधर-उधर गायब नहीं होंगे, आपके साथ ही रहेंगे: नीतीश

दूसरी ओर मोदी की मौजूदगी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रैली में कहा, आप फिर यहां पधारे हैं। यह हम लोगों के लिए बड़ी खुशी की बात है। आप पहले आए थे। इधर, हम गायब हो गए थे। हम आपको आश्वस्त करते हैं। कि अब इधर-उधर होने वाले नहीं हैं। अब रहेंगे आप ही के साथ। इसलिए अब जरा तेजी से यहां वाला काम हो जाए। नीतीश कुमार पहली बार ये बातें खिलखिला कर हंसते हुए मंच से कह रहे थे। उधर, मंच पर पशुपति कुमार पारस, राज्यपाल और बगल में बैठे पीएम मोदी ठहाका मारकर हंस रहे थे। नीतीश कुमार जब भी बोल रहे थे। पीएम मोदी हंस रहे थे।

## संदेशखाली को लेकर ममता सरकार पर साधा निशाना

एजेंसी । कोलकाता

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में यौन शोषण और जमीन कब्जाने के आरोपों को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएमसी नहीं चाहती कि आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। पीएम मोदी ने नादिया जिले के कृष्णानगर में रैली में आरोप लगाया कि टीएमसी ने बंगाल की महिलाओं का वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, संदेशखाली की महिलाएं न्याय मांग रही हैं, जबकि राज्य में सत्ता सत्तारूढ़ पार्टी कहीं और देख रही है। उन्होंने कहा, टीएमसी सरकार ने मां, माटी मानुष के नारे और महिलाओं का वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। संदेशखाली की महिलाएं न्याय मांगती रहीं, फिर भी सरकार ने उनकी नहीं सुनी। शाहजहां शेख की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता संदेशखाली की महिलाओं के न्याय के लिए उनके संघर्ष में उनके साथ खड़ा था। तब जाकर राज्य सरकार नरम पड़ी। प्रधानमंत्री मोदी ने टीएमसी पर भ्रष्टाचार का भी आरोप लगाया।

### टीएमसी का पलटवार, चुनाव से पहले दौरा करते हैं पीएम

वहीं, टीएमसी की वरिष्ठ नेता और राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री शशि पांजा ने प्रधानमंत्री पर पलटवार किया। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल का दौरा केवल चुनाव से पहले करते हैं। उन्होंने कहा, बंगाल को प्रधानमंत्री तभी देखने को मिलते हैं, जब चुनाव नजदीक होते हैं। वह 2021 में आए और आगामी आम चुनाव से पहले वह फिर से आए हैं।

खरगे-जयराम रमेश को भेजा नोटिस

## मेरे बयान से छेड़छाड़ माफी मांगें: गडकरी

### यह भी कहा गडकरी ने

- इंटरव्यू के शब्दों के प्रासंगिक इरादे और अर्थ को छुपाया गया
- भाजपा की एकजुटता में दरार पैदा करने का निरर्थक प्रयास

एजेंसी । नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजकर उनके बयान से छेड़छाड़ कर लोगों को गुमराह करने के लिए माफी मांगने को कहा है।

गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि उनके मुवक्किल माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से सामग्री और पोस्ट के बारे में जानकर, सुनकर और देखकर हैरान रह गए। उन्होंने कहा, खरगे और रमेश ने जानबूझकर एक एक समाचार पोर्टल को दिए गए गडकरी के इंटरव्यू की 19 सेकंड की वीडियो क्लिप पोस्ट की, जिसमें उनके शब्दों के प्रासंगिक इरादे और अर्थ को छुपाया गया। नोटिस में कहा गया है कि जनता



की नजरों में गडकरी के प्रति भ्रम व सनसनी पैदा करने और बदनामी करने के एकमात्र इरादे और गुप्त उद्देश्य से एक भयावह कृत्य किया गया है।

भाजपाकी एकजुटता में दरार पैदा करने का एक निरर्थक प्रयास भी है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी आम चुनाव में लोगों का विश्वास जीतने के लिए तैयार है नोटिस में आगे कहा गया है कि नितिन गडकरी के इंटरव्यू को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया और उस वीडियो को अपलोड करके दर्शाया गया जो प्रासंगिक अर्थ से परे है।

### यह कहा गया था कांग्रेस के ट्वीट में

दरअसल, कांग्रेस ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल से गडकरी के इंटरव्यू के एक अंश को लिखते हुए कहा, "आज गांव, गरीब, मजदूर और किसान दुखी हैं। गावों में अच्छे रोड नहीं, पीने के लिए शुद्ध पानी नहीं, अच्छे अस्पताल नहीं, अच्छे स्कूल नहीं हैं। मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी।" केंद्रीय मंत्री ने इसी को लेकर नोटिस भेजा है।

सूची जारी होने से पहले भाजपा अध्यक्ष को बताई इच्छा

## सिन्हा व गंभीर नहीं लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी । नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली से भाजपा सांसद गौतम गंभीर और झारखंड के हजारीबाग से सांसद जयंत सिन्हा ने लोकसभा चुनाव न लड़ने के संकेत दिए हैं। दोनों नेताओं के शनिवार को आए दो अलग अलग ट्वीट से स्थिति साफ हो गई है। गंभीर ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से उन्हें राजनीतिक दायित्वों से मुक्त करने की सिफारिश की है।

इसका मतलब है कि उन्होंने राजनीति से भी सन्यास लेने का फैसला कर लिया है। भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। ऐसा माना जा रहा





था कि इस बार पूर्वी दिल्ली से भाजपा गौतम गंभीर का टिकट कट सकती है। लेकिन आने से पहले ही गौतम गंभीर ने अपना नाम वापस ले लिया।

वहीं, जयंत सिन्हा ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को चिट्ठी लिखकर उन्हें चुनावी दायित्व से मुक्त करने की मांग की है। सिन्हा ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा, मैंने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुझे चुनावी दायित्व से मुक्त करने अपील की है ताकि मैं भारत और दुनिया में जलवायु परिवर्तन से निपटने पर फोकस कर सकूं। हालांकि मैं पार्टी की आर्थिक और प्रशासनिक मुद्दों पर काम करता रहूंगा।

## कुलपति के खिलाफ निलंबन नोटिस जारी

**तिरुवनंतपुरम।** राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने हाई कोर्ट को एक चिट्ठी भेजी है, जिसमें उन्होंने मजिस्ट्रेट जांच की मांग की है। मृतक के परिवार से मिलने के बाद राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ. एमआर ससींद्रनाथ के खिलाफ कार्रवाई की है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने केरल वेटरनरी एंड एनिमल साइंसेज यूनिवर्सिटी के कुलपति के खिलाफ निलंबन आदेश जारी किया है। 20 वर्षीय बैचलर ऑफ वेटरनरी एंड एनिमल हस्बेंडरी के द्वितीय वर्ष के छात्र सिद्धार्थन का शव होस्टल के बाथरूम में लटका पाया गया था।

सीईसी ने चुनाव तैयारियों का दिया ब्योरा

## 85 वर्ष से अधिक आयु के वोटर अब घर से कर सकेंगे मतदान

एजेंसी । नई दिल्ली

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर कहस है कि प्रत्येक बूथ पर हर तरह की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। 85 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को अपने घर में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा दी जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक दल के पास समान अवसर होंगे और किसी के साथ कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सात राजनीतिक पार्टियां आम आदमी



पार्टी, भाजपा, माकपा, कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों में से बसपा, सपा और अपना दल हमसे मिलने आईं। इन सभी पार्टियों ने चुनाव आयोग द्वारा तय किए गए उच्च मानकों का सख्ती से पालन करने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने कहा कि पुलिस का व्यवहार सभी के लिए एक समान होना चाहिए और चुनाव में धन बल का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

सीईसी ने बताया कि पहली बार महिला मतदाताओं का आंकड़ा 7,26,000 है। कुछ बूथों का संचालन पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि लोग चुनावी भूमिकाओं में शामिल हो और वोट देने भी आएं।

भाजपा की पहली सूची: समीकरण साधने की कवायद

# OBC पर खास नजर जातीय जनगणना की मांग की धार को करेगी कुंद!

### केरल के मलप्पुरम से अब्दुल सलाम को टिकट

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने अगामी लोकसभा चुनावों को लेकर शनिवार को पहली सूची जारी कर 370 सीटें जीतने के अपने लक्ष्य की दिशा में पहला कदम बढ़ा दिया है। भाजपा ने पहली सूची में 195 प्रत्याशी घोषित किए हैं और इसमें सियासी व सामाजिक समीकरण साधने के पूरे प्रयास किए हैं। जातीय जनगणना कराने पर विपक्षी गठबंधन के जोर के बीच भाजपा ने अपनी पहली सूची में अन्य पिछड़ा वर्ग के 57 नेताओं को टिकट देकर विपक्षी की रणनीति की धार को कुंद करने का अपनी मंशा साफ कर दी है। इसके अलावा पहली सूची में 28 महिलाओं को प्रत्याशी बनाया गया है। 27 एससी, 18 एसटी वर्ग के नेताओं को टिकट देकर संतुलन साधने की कोशिश की है। बीजेपी की तरफ से जारी लिस्ट में सिर्फ एक मुस्लिम उम्मीदवार अब्दुल सलाम को केरल के मलप्पुरम से टिकट दिया गया है। पार्टी की पहली सूची में सर्वाधिक 80 सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश की 51 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा पार्टी ने कई पुराने चेहरे को फिर से मौका दिया है. नोएडा से पार्टी ने महेश शर्मा को उम्मीदवार बनाया है. मथुरा से हेमा मलिनी, मुज़फ्फरनगर संजीव बालियान को पार्टी की तरफ से एक बार फिर उम्मीदवार बनाया गया है। उन्नाव से साक्षी महाराज को प्रत्याशी बनाया गया है। यूपी में अभी तक एक भी सांसद का टिकट नहीं कटा, अभी तक घोषित सीटों पर सभी मौजूदा सांसद रिपीट किए गए हैं।

### जयंत चौधरी का रालोद औपचारिक रूप से राजग में हो गया शामिल

दूसरी ओर उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल शनिवार को औपचारिक रूप से राजग में शामिल हो गया। पार्टी नेता जयंत चौधरी ने शनिवार को भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। बाद गृहमंत्री अमित शाह ने लिखा कि राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष जयंत चौधरी का राजग परिवार में स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास प्रकट करते हुए उनके राजग में आने से किसान, गरीब और वंचित वर्ग के उत्थान के हमारे संकल्प को और बल मिलेगा। आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए 400 पार कर अमृत काल में विकसित भारत के निर्माण के लिए कटिबद्ध है। वहीं नड्डा ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इसी तरह के भाव व्यक्त किए।

### 195 नामों की घोषणा में खास

- 34 केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में
- 28 महिलाओं को मौका
- 47 युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है
- 27 नाम अनुसूचित जाति से
- 18 प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से
- 57 नाम अन्य पिछड़ वर्ग से

### जहां गठबंधन मजबूत, वहां बदलाव

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लव देब को भी टिकट मिला है। सामान्यतया भाजपा अपने उम्मीदवारों की सूची मे बड़ी संख्या में चेहरे का बदलाव करती है। लेकिन इस बार अब तक जारी सूची में बदलाव केवल उन राज्यों में दिख रहा है , जहां विपक्षी गठबंधन का नया समीकरण उभरा है या फिर उम्मीदवार के खिलाफ भारी सत्ताविरोधी लहर है। दिल्ली इसका बड़ा उदाहरण है जहां कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच गठबंधन हुआ है।

## जरूरी खबर

### बेंगलुरु: कैफे ब्लास्ट केस में चार संदिग्ध दबोचे

**बेंगलुरु।** पुलिस ने बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड इलाके में रामेश्वरम कैफे में बम विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। सूत्रों ने कहा कि मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा के अधिकारी धारवाड़, हुबली और बेंगलुरु से पकड़े गए चारों लोगों से विस्तृत पूछताछ कर रहे हैं। बेंगलुरु सिटी कमिश्नर बी दयानंद ने कहा कि शुक्रवार दोपहर को आईईडी के कारण कैफे में हुए धमाके की जांच जारी है। उन्होंने कहा, कई टीमें अब तक प्राप्त विभिन्न सुरागों पर काम कर रही हैं। दयानंद ने कहा कि मामले की संवेदनशीलता और सुरक्षा चिंताओं को ध्यान में रखते हुए, मीडिया से अपील की जाती है कि वह अटकलों में शामिल न हो और सहयोग करे। बता दें कि इस हादसे में दस लोग घायल हो गए थे।

### पीएफआई का सदस्य गौस नियाजी अरेस्ट

**मुंबई।** एनआईए ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेता की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता को विदेश से लौटने पर मुंबई हवाईअड्डे से गिरफ्तार किया है। गौस नियाजी प्रतिबंधित संगठन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया का सदस्य है। उसने आरएसएस नेता आर. रुद्रेश की हत्या की साजिश रची थी। गौस नियाजी वर्ष 2016 में फरार हो गया था। उसे तंजानिया के दार-ए-सलाम से आने के तुरंत बाद शुक्रवार को मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर एनआइए की स्पेशल टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

### केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते में 4% वृद्धि संभव



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को उनके महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में चार फीसदी बढ़ोतरी का तोहफा मिल सकता है। आगामी सप्ताह में इसकी घोषणा हो सकती है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा 29 फरवरी को जनवरी 2024 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू की रिपोर्ट जारी की गई। इसमें औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 138.9 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू में 0.1 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौजूदा समय में डीए/डीआर 46 फीसदी की दर से मिल रहा है। महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा।

## रामायणम् चित्रकाव्यम् प्रदर्शनी शुरू





*नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को नई दिल्ली में रामायणम् चित्रकाव्यम् प्रदर्शनी को उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ श्रीलंका के जल आपूर्ति व एस्टेट इंफ्रास्ट्रक्चर विकास मंत्री जीवन थोंडामन भी मौजूद थे। बाद में उन्होंने प्रदर्शन का अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में ब्रिटेन, श्रीलंका, म्यांमार, पुर्तगाल, लिथुआनिया और जापान सहित कई अन्य देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।*

### जे&के के कई हिस्सों में बर्फबारी, हिमस्खलन




**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में भारी बारिश और हिमस्खलन से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाले श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई जगहों पर भूस्खलन और हिमस्खलन के बाद मार्ग अवरुद्ध हो गया है। हाईवे पर भारी भूस्खलन का एक वीडियो भी सामने आया है। सड़क साफ करने का काम जारी है, तब तक हाईवे पर आवाजाही प्रभावित रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि गुलमर्ग, तंगमर्ग और दूधपथरी जैसे पर्यटक स्थलों सहित घाटी के ऊंचाई वाले कुछ क्षेत्रों में शुक्रवार रात भर हिमपात हुआ। श्रीनगर समेत घाटी के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर तीन मार्च तक मामूली बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है।

### डीआरडीओ अधिकारियों ने की जांच, सीएनसी मशीन मिली

# एटमी सामग्री लेकर पाक जा रहे जहाज को मुंबई में रोका

**एजेंसी** | मुंबई

चीन से पाकिस्तान जा रहे एक जहाज को मुंबई में न्हावा शेवा रोक लिया गया है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि इस जहाज में कुछ ऐसा है, जिसका इस्तेमाल पाकिस्तान के परमाणु और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम के लिए किया जा सकता था। कस्टम अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर माल्टा के झंडे वाले व्यापारिक जहाज सीएमए सीजीएम अत्तिला को 23 जनवरी को बंदरगाह पर रोका। जांच के दौरान इसमें कंप्यूटर न्यूमेरिकल कंट्रोल (सीएनसी) मशीन भी मिली, जिसे एक इतावली कंपनी ने बनाया था। भारतीय बंदरगाह में पाकिस्तान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी ये संदिग्ध खेप मिलने से हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने बताया कि जहाज में मिली सीएनसी मशीनें कंप्यूटर नियंत्रित होती हैं। ये मिसाइल निर्माण के अहम हिस्सों को मजबूती, स्थिरता और सटीकता प्रदान करती हैं। डीआरडीओ की एक टीम ने भी जहाज में लदी खेप का निरीक्षण किया। जहाज में लदी चीजों का इस्तेमाल पड़ोसी देश अपने परमाणु कार्यक्रम के लिए कर सकता है।



### पहले भी पाक भेजी गई थी मिलिट्री ग्रेड सामग्री

यह पहली बार नहीं है जब भारतीय पोर्ट पर अधिकारियों ने चीन से पाकिस्तान भेजे जा रहे 'दोहरे इस्तेमाल वाली' मिलिट्री-ग्रेड वस्तुओं को जब्त किया है। फरवरी 2020 में, चीन को 'औद्योगिक ड्रायर' की आड़ में पाकिस्तान को ऑटोक्लेव की आपूर्ति करते हुए पाया गया था। पाकिस्तानी रक्षा आपूर्तिकर्ता, कॉस्मॉस इंजीनियरिंग, 12 मार्च, 2022 से जांच के दायरे में है। तब भारतीय अधिकारियों ने न्हावा शेवा बंदरगाह पर इतालवी निर्मित थर्मोइलेक्ट्रिक इंस्ट्रूमेंट की एक कंसाइनमेंट को रोका था।

### चीन से पाक क्यों भेजा जा रहा था कंसाइनमेंट

जहाज में परमाणु बैलिस्टिक मिसाइल से जुड़ी खेप मिलने के बाद कई सवाल उठने लगे हैं। अधिकारियों ने बताया कि चिंता यह है कि पाकिस्तान चीन से उन चीजों को हासिल कर सकता है, जिस पर यूरोप और अमेरिका ने प्रतिबंधित कर रखा है। पाकिस्तान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों के लिए चीनी समर्थन भी परेशान करने वाली बात है। 2020 में मिसाइल बनाने के लिए खास ऑटोक्लेव को पाकिस्तान जाने वाले जहाज पर औद्योगिक उपकरण के रूप में छुपाया गया था।

### 250 किमी रफ्तार वाली ट्रेन पर काम

## 1000 अमृत भारत ट्रेनों का जल्द होगा निर्माण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि भारत आने वाले वर्षों में कम से कम एक हजार नई पीढ़ी की अमृत भारत ट्रेनों का निर्माण करेगा। साथ ही 250 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली ट्रेन बनाने का काम जारी है।

उन्होंने कहा कि रेलवे ने पहले ही वंदे भारत ट्रेनों के निर्यात पर काम करना शुरू कर दिया है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में रेलवे में किए गए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए वैष्णव ने कहा कि दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल चिनाब पुल और कोलकाता मेट्रो के लिए नदी के नीचे जल सुरंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य हैं। रेलवे के क्षेत्र में कई तकनीकी प्रगति हुई।

### 100 रुपए खर्च तो हम 45 रुपए लेते हैं

वैष्णव ने कहा कि रेलवे का एक बड़ा सामाजिक दायित्व है। हम हर साल लगभग 700 करोड़ लोगों को ले जाते हैं। किराया संरचना ऐसी है कि यदि एक व्यक्ति को ले जाने की लागत 100 रुपए है तो हम 45 रुपए लेते हैं। हम रेलवे में यात्रा करने वाले हर व्यक्ति को औसतन 55 प्रतिशत की छूट देते हैं। हमने अमृत भारत ट्रेन को डिजाइन किया है, जो एक विश्व स्तरीय ट्रेन है।

### अंडर रिवर सुरंग का पीएम करेंगे उद्घाटन

इस बची, शनिवार को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि छह मार्च को कोलकाता में बनी भारत की पहली अंडर रिवर सुरंग का पीएम मोदी उद्घाटन करेंगे। वैष्णव ने यह भी कहा कि हालांकि कोलकाता मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों में हुई प्रगति उससे पहले के 40 वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है।

### शाह ने किया एनयूसीएफडीसी का उद्घाटन, कहा...

## हर शहर में खुलेगा एक सहकारी बैंक

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को समृद्ध करने के लिए अब प्रत्येक शहर में कम से कम एक शहरी सहकारी बैंक की स्थापना होगी। उन्होंने सहकारी बैंकों को आम जनता की समृद्धि का रास्ता बताया। वह शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) के उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग के लिए स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की सहमति दी है। अमित शाह ने कहा कि जब तक सहकारी संस्थाओं को ताकत नहीं दी जाएगी, तब तक हम आगे नहीं बढ़ सकते। लगभग 20 वर्ष के संघर्ष के बाद आज एनयूसीएफडीसी की स्थापना हो रही है। अंब्रेला संगठन बनने से शहरी सहकारी बैंकों का विकास कई गुना बढ़ जाएगा।



### मणिपुर: तलाशी अभियान में हथियार बरामद

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा इस्तेमाल किए जा रहे हथियारों की बरामदगी के लिए एक मार्च से अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत सुरक्षाबलों ने भारी मात्रा में हथियार बरामद किए। असम राइफल्स ने एक गुप्त सूचना पर मोरेह के एलोरा होटल के सामान्य क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान आठ पिस्तौल, 10 देशी आईईडी, तीन हथगोले और गोला-बारूद जब्त किए गए। बरामद हथियार और गोला-बारूद पुलिस को सौंप दिए गए थे। मैतेई समुदाय को एसटी का दर्जा दिए जाने की मांग के विरोध में गत वर्ष हिंसा भड़क उठी थी।

## नॉलेज रिसोर्स एंड डेटा सेंटर का उद्घाटन



*धारवाड़। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को कर्नाटक के धारवाड़ स्थित आईआईटी में नॉलेज रिसोर्स एंड डेटा सेंटर और केंद्रीय अध्ययन थिएटर भवन का उद्घाटन किया।*

### आईएनएस जटायु का अगले सप्ताह होगा शुभारंभ

# हिंद महासागर में बढ़ेगी नौसैन्य क्षमता, चीन की हर हरकत पर रहेगी नजर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों के बीच भारत भी अपनी स्थिति मजबूत करने की कवायद में जुटा है। इसी कड़ी में भारतीय नौसेना लक्षद्वीप के मिनिकॉय द्वीप समूह में अगले सप्ताह एक नया बेस आईएनएस जटायु स्थापित करने जा रही है। यह बेस भारतीय नौसेना की परिचालन क्षमता और कनेक्टिविटी को बढ़ाएगा। भारतीय नौसेना 6 मार्च को नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार की उपस्थिति में नौसेना डिटैचमेंट मिनिकॉय को आईएनएस जटायु के रूप में तैनात करेगी। विशेषज्ञों के अनुसारआईएनएस जटायु रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लक्षद्वीप द्वीप समूह में बुनियादी सुरक्षा ढांचे को बढ़ाने के नौसेना के संकल्प में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। रक्षा अधिकारियों ने बताया कि भारतीय नौसेना आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत सहित दो विमान वाहक पोतों पर अपने कमांडरों का सम्मेलन भी आयोजित करेगी। इस दौरान वे एक विमानवाहक पोत से उड़ान भरने और दूसरे पर उतरने जैसे कई ऑपरेशन करेंगे। आईएनएस विक्रांत के शामिल होने के बाद यह पहली बार होगा कि नौसेना दो विमान वाहक पोतों का संचालन एक साथ करेगी।

वैश्विक सेनाओं के लिए विमान वाहक बनाने की भारत की क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए विशाखापत्तनम में मिलन अभ्यास में दोनों वाहक भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि नौसेना अगले सप्ताह कोच्चि में अमेरिका से प्राप्त चार बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टर एमएच-60 रोमियो को भी औपचारिक रूप से शामिल करेगी।




### INS बाज के समान होगा यह बेस

एक अधिकारी ने कहा कि यह बेस अंडमान में बनाए गए आईएनएस बाज के समान होगा। लक्षद्वीप और मिनिकाय द्वीपों पर नौसैनिक और हवाई सुविधाओं के उन्नयन से न केवल भारतीय समुद्री वाणिज्य सुरक्षित होगा, बल्कि बुनियादी ढांचे का उन्नयन भी होगा। क्योंकि यह मालदीव के द्वीपों से मात्र 524 किलोमीटर दूर है। इससे हमें क्षेत्र में विरोधियों की सैन्य और वाणिज्यिक गतिविधियों पर नजर रखने में मदद मिलेगी। इस कदम से केरल के पश्चिम में 400 किमी दूर स्थित द्वीप श्रृंखला में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है, ताकि उसका इस्तेमाल लड़ाकू विमानों और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा जा सके। साथ ही मालदीव और चीन की हरकतों पर सीधी नजर रखी जा सके।

### समुद्री सीमा होगी सुरक्षित...पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

भारत सरकार ने अभी अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। साथ ही दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा। लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

### लक्षद्वीप व अंडमान निकोबार के पास से गुजरने वाले हर जहाज पर रहेगी नौसेना की नजर

जैसे ही मिनिकॉय में नौसैनिक बेस बनेगा, उसकी वजह से इस इलाके के आसपास चीन की नौसेना जो हरकत जो हरकत करती है, उस पर विराम लगेगा। साथ ही जो व्यवसायिक जहाज सुएज नहर और पारस की खाड़ी की तरफ जाते हैं उन्हें 9 डिग्री चैनल यानी लक्षद्वीप और मिनिकॉय वाले रूट से जाना होता है। किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा।

## टीम पीडीकेएफ ने 'पीडीकेएफ लेडीज पोलो कप-2024' पर किया कब्जा

# मैदान में महिलाओं ने जुनून से जीती 'जंग'

**बेधड़क.जयपुर।** जब महिलाओं ने हॉर्स पर सवार होकर टाप लगाते हुए गोल किए तो देखने वाले रोमांचित हो गए। कभी नीचे गिर भी गए तो अगले ही पल महिला खिलाड़ी उस फुर्ती से उठीं, कि जोश दोगुना हो गया। ये रोमांचक नजारे थे पोलो मैच के, जो जयपुर में महिलाओं ने दर्शाए। मौका था जयपुर राजस्थान पोलो क्लब में पीडीकेएफ लेडीज पोलो कप-2024 का, जिसमें पीडीकेएफ कप की विजेता रही। मैच 3 टीमों के बीच खेला गया, जिनमें टीम यूएसपीए, टीम पीडीकेएफ और टीम आरपीसी शामिल थे। मैच के दौरान जयपुर के महिला संगठन, एनजीओ, पोलो प्रेमी और शहर के जाने-माने व्यक्तियों ने मैच का आनंद लिया।

### वुमंस वियर कलेक्शन लॉन्च

यू.एस पोलो एसो. ने हाल ही में अपना नया वुमंस वियर कलेक्शन लॉन्च किया है। जहां फैशन आइकन पलक तिवारी को ब्रांड के नवीनतम लुक का प्रदर्शन करते देखा गया।



फोटो: पंकज शर्मा



### 1-0 के स्कोर से की जीत हासिल

पहला मैच टीम पीडीकेएफ और आरपीसी के बीच हुआ, जिसमें टीम पीडीकेएफ 1-0 के स्कोर से विजेता रही। दूसरा मैच टीम पीडीकेएफ और टीम यूएसपीए के बीच था, जिसमें पीडीकेएफ ने 3-1 के स्कोर से टीम यूएसपीए को पराजित किया। वहीं तीसरा मैच आरपीसी और यूएसपीए की बीच खेला गया। इस मैच में टीम आरपीसी से टीम यूएसपीए को 2-0 के स्कोर से हराया। टीम यूएसपीए का नेतृत्व जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने किया। वहीं टीम पीडीकेएफ कुमारी विजयश्री शक्तावत जगत के नेतृत्व में खेला गया।

### फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड ने किया चीयर

मुख्य अतिथि फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड-2023 नंदिनी गुप्ता ने चीयरअप किया। उन्होंने विजेता टीम पीडीकेएफ को कप देकर सम्मानित किया। तीनों टीमों के खिलाडियों में पीडीकेएफ टीम-एना गैब्रिएला, कुमारी विजयश्री शक्तावत जगत, विक्टोरी पोलानोवा, लांस वॉटसन तो यूएसपीए टीम-शिवांगी सिंह, वैलेरी वान लैंगनहोव, किम्बर्ली रोश, सवाई पद्मनाभ सिंह और वहीं आरपीसी टीम- निकिता पंडित, ओलिविया डे गोरविक, संजुला मान, कुलदीप सिंह राठौड़ शामिल थे। इस अवसर पर पीडीकेएफ की जनरल सेक्रेटरी गौरवी कुमारी, यूएसपीएजीएल के ग्लोबल प्रतिनिधि ध्रुव आनंदन, यूएस पोलो एसोसिएशन विमेंसवियर की बिजनेस हैड स्वप्रिता सिंह, महाराज नरेंद्र सिंह और राजस्थान पोलो क्लब सेक्रेटरी दिग्विजय सिंह उपस्थित थे।



## विधायक शर्मा ने किया नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो का शुभारंभ



**बेधड़क. जयपुर।** प्रिंटिंग उद्योग देश और प्रदेश के विकास की महत्विपूर्ण कड़ी है। राजस्थान में प्रिंटिंग उद्योग के विकास में सरकार सहयोग करेगी। यह कहना था सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा का। शर्मा ने सीतापुरा के जेईसीसी में नेशनल प्रिंटिंग एक्सपो का शुभारंभ किया। समारोह में राजस्थान ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन अध्यक्ष विनोद शर्मा, इंडिया प्रिंटिंग पैकेजिंग एंड अलाइड मशीनरी मैन्युफैक्चयर्स एसोसिएशन प्रेसिडेंट जयवीर सिंह, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मास्टार प्रिंटर्स सेक्रेटरी उमेश नीमा, ऑफसेट प्रिंटर्स एसोसिएशन पंजाब जनरल सेक्रेटरी कमल चोपड़ा के साथ प्रिंटिंग उद्योग से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे। प्रिंटर्स क्लब डायरेक्टयर आदित्य सिंह, नितिन नामदेव और सीएफओ ललित कुमावत ने वेलकम किया। रोपा अध्यक्ष विनोद शर्मा ने अपने संबोधन में राजस्थान की प्रिंटिंग इंडस्ट्री को अपग्रेडेशन और मशीन आयात के लिए सरकार से सब्सिडी की मांग उठाई। 4 मार्च तक चलने वाले एक्ससपो में देश की कंपनियों ने प्रिंटिंग से संबंधित मशीनें, उपकरण और नई तकनीक का प्रदर्शन करेंगी।

## 'ढाई आखर प्रेम के' में श्रृंगार रस से सराबोर कविताएं सुनीं



**बेधड़क. जयपुर।** कैनवास पर राजस्थान के पारंपरिक लघु चित्र उकेरते कलाकार, आकर्षक फैशन और आर्किटेक्ट वर्क को शोकेस करते युवा, फिल्म स्क्रीनिंग, कला व साहित्य से जुड़े संवाद सत्र। राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित पिंक फेस्ट ऐसा ही नजारा देखने को मिला। ढाई आखर प्रेम के सत्र में श्रृंगार रस से सराबोर कविताएं सुनने को मिली तो कथक प्रस्तुति नृत्यात्मन को देख सभी आनंदित हो उठे। संवाद सत्रों का आयोजन किया गया। शास्त्रीय संगीत व नृत्य हमारी धरोहर विषय पर कथक गुरु प्रेरणा श्रीमाली, मंजरी महाजन, प्रो. प्रेम दवे, शशि सांखला व माया टांक ने विचार रखे। 'चेंजिंग डायनेमिक्स ऑफ फोटोग्राफी' विषय पर सुधीर कासलीवाल, महेश स्वामी, मानव सिंघवी, उमेश मेहता ने फोटोग्राफी के इतिहास, तकनीकी पहलू और प्रासंगिकता पर चर्चा की। सनातन की संतति: प्रभाव, प्रसंग और प्रेरणा विषय पर कोसलेन्द्र शास्त्री, प्रताप राव, शीतल जोशी की वार्ता की। साहित्यकार और कला समीक्षक नर्मदा प्रसाद उपाध्याय ने कलाओं में अंतर्संबंध की व्याख्या की।

## City इवेंट्स

### जॉन मैक्ग्राथ की धुनों पर झूमे दर्शक



**बेधड़क. जयपुर।** नेट थिएट कार्यक्रमों की कड़ी में लॉस एंजिल्स केलिफोर्निया यूएसए के सैक्सोफोन कलाकार जॉन मैक्ग्राथ ने सैक्सोफोन पर स्वर छेड़े तो दर्शक झूम उठे। राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि जॉन ने जब सैक्सोफोन पर पश्चात संगीत बजाया तो युवा वर्ग रोमांचित हो उठा। कलाकार ने राजस्थानी संगीत के कलाकारों के साथ फ्यूजन किया। साथ में तबले पर राजस्थान के तबला वादक प्रेम शर्मा रहे। कैमरे पर मनोज स्वामी, प्रकाश सागर गढवाल, संगीत संयोजन तपेश शर्मा, मंच सज्जा पूनम चौधरी, अंकित शर्मा नोनू व जिवितेश शर्मा की रही।

### 'विश्वास' की स्मृति में व्याख्यान आज

**बेधड़क. जयपुर।** पत्रकार विश्वास कुमार स्मृति व्याख्यान रविवार को पिंक सिटी प्रेस क्लब के सभागार में होगा। कार्यक्रम संयोजक सुनीता चतुर्वेदी ने बताया कि डिजिटल पत्रकारिता और उसके प्रभाव विषय पर होने वाले व्याख्यान के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार गोविंद चतुर्वेदी, डॉ. संदीप पुरोहित व आइआइएमसी नई दिल्ली की प्रो. संगीता प्रणवेंद्र होंगी।

### आज महकेंगे 500 से ज्यादा किस्मों के गुलाब



**बेधड़क. जयपुर।** रोज सोसायटी ऑफ राजस्थान, राजस्थान आवासन मंडल, जेडीए और नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज की ओर से रविवार को 49वीं गुलाब प्रदर्शनी मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में आयोजित होगी। प्रदर्शनी में 500 से अधिक गुलाबों की किस्मों को 400 से अधिक स्टूडेंट्स जानेंगे। साथ ही ऑन स्पॉट पेंटिंग कम्पीटिशन में युवा टैलेंट दिखाएंगे। दूसरी ओर जयपुर की नर्सरियों द्वारा पौधों की स्टॉल्स लगाई जा रही है।

## मोक्ष कल्याणक पर हुए विशेष आयोजन

# शहर के जैन मंदिरों में सुबह से शाम तक भक्त हुए विभोर



**बेधड़क | जयपुर**

जैन धर्मावलंबियों ने शनिवार को जैन धर्म के 7वें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस व 8वें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभू का ज्ञान कल्याणक दिवस मनाया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन कर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मानसरोवर के वरुण पथ स्थित श्रीदिगंबर जैन मंदिर में सुबह भगवान सुपार्श्वनाथ व भगवान चन्द्रप्रभू के अभिषेक के बाद शांतिधारा की गई। भगवान सुपार्श्वनाथ की अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद मोक्ष कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। इस मौके पर समाजसेवी विनेश-प्रीति सोगानी, सुरेंद्र- सोनल जैन, अक्षय-आशा गोधा, मुन्ना देवी अमित जैन केकड़ी वाले, दीपेश-निधि अजमेरा ने सौभाग्य प्राप्त किया। 8वें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु का ज्ञान कल्याणक दिवस भी मनाया गया। पूजा के दौरान मंत्रोच्चार के साथ ज्ञान कल्याणक श्लोक का उच्चारण करते हुए अर्घ्य चढ़ाया गया। सांगानेर के श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र मंदिर संघीजी, आगरा रोड स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र चूलगिरी, मोती सिंह भोमियो का रास्ता स्थित श्रीदिगम्बर जैन मंदिर, तारों की कूट पर श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सहित शहर के मंदिरों में आयोजन हुए।

## नेशनल-इंटरनेशनल मॉडल्स आईं जयपुर के मंच पर

# ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान का हुआ फर्स्ट लुक लॉन्च



**बेधड़क | जयपुर**

फ्यूजन ग्रुप द्वारा आयोजित ब्यूटी पेजेंट मिस राजस्थान का ऑफिशियल लुक लॉन्च मॉडल टाउन स्थित तरकश में किया गया। लेट नाइट कम्युनिटी द्वारा हॉस्ट किए गए इवेंट में लुक लॉन्च में मिस राजस्थान विनर व फाइनलिस्ट राजस्थान की टॉप मॉडल ने शिरकत की। आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि पोस्टर लॉन्च करने के लिए जयपुर ही नहीं राजस्थान से भी लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। मिस राजस्थान के संरक्षक फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर राज बंसल, रूवी डिजिटल के आलोक शर्मा, आवास फाइनेंस से राहुल मित्तल, वीवो से मुदित शर्मा, सफारी ग्रुप से पवन गोयल, मिस राजस्थान-2017 व मिस ग्रैंड इंडिया सिमरन शर्मा, मिस राजस्थान-2018 आंचल बोहरा, मिस राजस्थान-2022 तरुश्री राय, मिस राजस्थान-2023 वैष्णवी शर्मा ने पोस्टर जारी कर मिस राजस्थान-2024 के 26वें संस्करण की विधिवत घोषणा की। इस मौके पर आयोजकों ने बताया, कि मिस राजस्थान के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। Missrajasthan.org पर जाकर रजिस्टर्ड किया जा सकता है। हाइट क्राइटेरिया 5.3 रहेगा 18 से 25 वर्ष की अनमैरिड गर्ल्स पार्टिसिपेट कर पाएंगे। गौरतलब है मिस राजस्थान का यह 26वां संस्करण है। हर वर्ष हजारों गर्ल्स आकर भाग्य आजमाती हैं, जो गर्ल्स यहां जीतती है वह नेशनल व इंटरनेशनल लेवल प्लेटफार्म पर क्वालीफाई कर पाती हैं।

**कोलोक्वियम** 'फिनिशिंग' व 'प्रिंटिंग' कार्यों में महिलाओं को दिया प्रोत्साहन

# महिलाओं ने राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर की चर्चा

**बेधड़क | जयपुर**

महिला दिवस से पहले फेडरेशन ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म ऑफ राजस्थान (एफएचटीआर) द्वारा 'राजस्थान रिवील्ड थ्रू विमेंस पर्सपेक्टिव' विषय पर कोलोक्वियम का आयोजन किया गया।

चर्चा में विभिन्न पृष्ठभूमि की महिलाओं ने राजस्थान के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर विचार शेयर किए। पैनल में अदिति सिंह, चित्रांगदा शेखावत, राधिका चौहान, रोहिणी सिंह आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन एफएचटीआर के संयुक्त सचिव तरूण बंसल ने किया। शुरुआत अदिति सिंह ने की।

उन्होंने हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म इंडस्ट्री उद्योग में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों रोजगार योग्यता के लिंग अनुपात, रूढ़िवादिता और लैंगिक असमानता के बारे में बात की।

अदिति ने द्रौपदी मुर्मू, वसुंधरा राजे, दीया कुमारी और गायत्री राठौड़ जैसी महिला लीडर्स का उदाहरण देते हुए इस बात पर भी जोर दिया, कि महिलाएं स्वतंत्र रूप से विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने में सक्षम हैं।




### रोहिणी और राधिका ने महिलाओं को किया मोटिवेट

रोहिणी ने महिलाओं की वित्तीय स्वतंत्रता के साथ 'फिनिशिंग' और 'प्रिंटिंग' जैसे कला कार्यों के पुरुष प्रधान क्षेत्रों में महिलाओं को प्रोत्साहन के बारे में बात की। वहीं पैनल स्पीकर में से राधिका चौहान ने इस बारे में बात की, कि कैसे महिलाएं शुरू से ही मेनस्ट्रीम आर्टिस्ट रही हैं। जब अपनी पारंपरिक कला और कौशल से आजीविका बनाने की बात आती है। उन्होंने कहा, कि वर्तमान समय में इन महिला कलाकारों के सामने बड़ी चुनौतियां पूंजी की आवश्यकता और अपनी कला व शिल्प का विपणन करना है।

### लैंगिक वेतन असमानता को करना होगा समाप्त

चित्रांगदा शेखावत ने कहा, कि महिलाओं को अपने फाइनेंस को लेकर जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए स्वयं प्रयास करना होगा और अधिक सक्रिय दृष्टिकोण अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि भारत में सभी उद्योगों में लैंगिक वेतन समानता बहुत कम है और संगठनों को इसे खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध होना होगा। इस अवसर पर एफएचटीआर प्रेसिडेंट ऑनर भीम सिंह, एफएचटीआर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह शाहपुरा, एफएचटीआर उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पचार और एफएचटीआर महासचिव वीरेंद्र सिंह शेखावत, राजस्थान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स (राटो) अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राठौड़ उपस्थित थे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क

जयपुर, रविवार, 03 मार्च, 2024





सोने और खाने का नाम ज़िंदगी नहीं है। आगे बढ़ते रहने की लगन का नाम ज़िंदगी है।

विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## तालिबानी बंदूक के नीचे गुप्त रूप से स्कूल चला रहा एनजीओ

# महिलाओं को शिक्षा की 'अंडरग्राउंड' रोशनी

एजेंसी । काबुल

अफगानिस्तान में तालिबान के शिक्षा पर प्रतिबंध के बावजूद 600 से अधिक अफगान महिलाओं और लड़कियों ने इन कट्टरपंथियों के सामने झुकने से इनकार कर दिया है। एबीसी न्यूज (अमेरिकन ब्रॉडकास्ट कॉरपोरेशन) की एक रिपोर्ट के अनुसार तालिबान की महिलाएं बिना किसी डर के अपनी पढ़ाई पूरी करने में लगी हुई है। 25 साल की परास्तो 'एसआरएके' नामक एक गैर-पंजीकृत एनजीओ चलाया जा रहा है, जिसमें अफगानी महिलाओं व बालिकाओं को शिक्षा दी जा रही है। गौरतलब है कि 2021 में तालिबान की सत्ता पर अफगानिस्तान पर कब्जा किया और तब से महिलाओं की जिंदगी बदतर हो गई। बच्चियों के स्कूल न जाने देने से लेकर महिलाओं के कपड़े पहनने तक के लिए कई कठोर नियम बनाए गए है। तालिबान महिला शिक्षा के सख्त खिलाफ है।



### बिना वेतन पढ़ा रहे शिक्षक

तालिबान के शिक्षा प्रतिबंध के बावजूद 600 से अधिक अफगान महिलाओं और लड़कियों ने इन कट्टरपंथियों के सामने झुकने से इनकार कर दिया है। परास्तो द्वारा चलाए जा रहे एसआरएके नामक गैर-पंजीकृत एनजीओ की ओर से एक सीक्रेट नेटवर्क स्कूल चलाया जा रहा है। एक न्यूज चैनल को दिए इंटरव्यू में परस्तो ने कहा कि काबुल का पतन हम युवा पीढ़ी के लिए आसान बात नहीं थी, खासकर, जो शिक्षित थे और उनके सपने थे, लेकिन अब सब कुछ खत्म हो गया है। मैंने टीवी पर देखा कि लड़कियां स्कूलों से बाहर आ रही थीं और रो रही थीं और उन्हें अपने घरों में वापस जाने के लिए कहा गया। यह विनाशकारी था। परास्तो ने कहा कि वह घर पर बैठ कर यह सब नहीं देख सकती थी, इसलिए उसने अफगान लड़कियों के लिए गुप्त रूप से पढ़ाई जारी रखने के लिए एक अंडरग्राउंड स्कूल खोला। शिक्षकों के तौर पर उन्होंने अपने दोस्तों को शामिल किया, जो बिना वेतन के काम करते हैं।

### डर के साए में होती है पढ़ाई

तालिबान की नजर में यह अंडरग्राउंड स्कूल अवैध हैं। हमेशा शिक्षकों और छात्रों के पकड़े जाने का डर बना रहता है। किसी के घर के अंदर सीक्रेट स्कूल चलाने की भनक तालिबानियों को तब लगी जब उन्होंने घर के मालिक से पूछताछ शुरू की। राहत की बात यह थी जब तालिबानी अधिकारी स्कूल की तलाशी कर रहे थे उस समय कोई भी छात्र या शिक्षक वहां मौजूद नहीं थे।

## अमेरिकी सांसदों की राष्ट्रपति बाइडेन से मांग

# पाक को न दें मान्यता

एजेंसी । वाशिंगटन

पाकिस्तान में आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोपों का मुद्दा अब अमेरिका में भी गरमाने लगा है। सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने राष्ट्रपति जो बाइडेन से पाकिस्तान में बनने जा रही नई सरकार को तब तक मान्यता न देने का अनुरोध किया है जब तक कि चुनाव धांधली की एक निष्पक्ष और पारदर्शी जांच नहीं हो जाती।

राष्ट्रपति बाइडेन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को संयुक्त रूप से लिखे पत्र में सांसदों ने पाकिस्तान में चुनाव पूर्व व पश्चात हुई व्यापक धांधली पर चिंता जताई है। पत्र लिखने वाले कांग्रेस के इस प्रभावशाली समूह में मुस्लिम सांसद भी शामिल हैं। इन सांसदों ने अमेरिकी कांग्रेस से मांग की कि धांधली की निष्पक्ष जांच आने तक नई सरकार की मान्यता रोके रखें।



### सांसदों ने पत्र में क्या कहा?

पत्र में कहा गया है कि पाकिस्तान अमेरिका का लंबे समय से सहयोगी रहा है। उसके हितों और लोकतंत्र की सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है। पाकिस्तान में जनादेश को चुराया गया है। यह पाकिस्तान के लोगों के हित में नहीं है। पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) ने चुनाव में व्यापक धांधली के आरोप लगाए हैं। इसको लेकर इंटरनेट मीडिया में कई ऑडियो व वीडियो क्लिप भी प्रसारित हो रहे हैं।

### सादिक बने स्पीकर, राष्ट्रपति चुनाव 9 को

इधर, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में इमरान खान समर्थकों के विरोध के बीच शुक्रवार को पीएमएल-एन नेता सरदार अयाज सादिक को स्पीकर चुन लिया गया। सादिक को कुल 291 मतों में से 199 व उनके प्रतिद्वंद्वी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआइसी) के आमिर डोगर को मात्र 91 वोट मिले। इस बीच, पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को राष्ट्रपति चुनाव का शिड्यूल जारी कर दिया। नौ मार्च को होने वाले चुनाव के लिए उम्मीदवार दो मार्च को 12 बजे तक नामांकन दाखिल कर सकेंगे। राष्ट्रपति पद के लिए पीएमएल-एन के घोषित उम्मीदवार आसिफ अली जरदारी दौड़ में सबसे आगे हैं।

## कोर्ट ने दी 40 साल जेल की सजा

# मां की क्रूर करतूत, बेटे को दी यातनाएं

एजेंसी । विएना (ऑस्ट्रिया)

ऑस्ट्रिया के विएना से एक हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। दरअसल, यहां एक ऑस्ट्रियाई महिला को अपने बेटे को कुत्ते के पिंजरे में बंद करने और उसे यातना देने, भूखा रखने के आरोप में 40 साल और उसकी दोस्त को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई है। महिला पर जुलाई से नवंबर 2022 के बीच अपने बेटे को बार-बार पीटने और भूखा रखने, कुत्ते के पिंजरे में बंद करने और ठंड के मौसम में उस पर ठंडा पानी डालने का आरोप था। कोर्ट ने दोनों महिलाओं का इलाज कराने का आदेश दिया है। एक मनोचिकित्सक ने बताया कि उसने अपनी दोस्त के साथ असामान्य सहजीवी संबंध बना लिया था, इसलिए उसके कहने पर कुछ भी करने को राजी हो जाती थी।

### सामाजिक कार्यकर्ता ने पकड़ी क्रूरता

2022 के अंत में एक सामाजिक कार्यकर्ता ने लड़के को गंभीर रूप से कुपोषित, कोमा में और हाइपोथर्मिया से पीड़ित पाया। इसके बाद आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी महिला ने कई घंटों तक माइनस तापमान में भी अपार्टमेंट की खिड़कियां खोलकर अपने बेटे को ठंडे पानी से नहलाया था, जिससे उसकी जान को खतरा हो गया था।




## क्लासिकल डांसर की हत्या

**वॉशिंगटन।** कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचिपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई। टीवी एक्ट्रेस देवोलीना भट्टाचार्जी ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। भट्टाचार्जी के अनुसार वाशिंगटन विवि के छात्र अमरनाथ घोष की 27 फरवरी की शाम को मिसौरी के सेंट लुइस में हत्या कर दी गई थी।

## बलूचिस्तान प्रांत के चुनाव में फैसला

# निर्विरोध मुख्यमंत्री बने सरफराज बुगती

एजेंसी । जयपुर

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। बुगती को एक ऐसे प्रांत के नए मुख्यमंत्री के रूप में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, जो अक्सर



आतंकवाद और अलगाववादी हिंसा से प्रभावित होता है और तटीय बंदरगाह शहर ग्वादर और उसके आसपास के इलाकों में हो रही भारी बारिश और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बुगती ने 2018 और 2022 के बीच जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार में बलूचिस्तान में सूचना मंत्री के रूप में भी काम किया है।

## चीन ने किया यान का नामकरण

# इंसान को चांद पर लेकर जाएगा 'मेंगझोउ'

एजेंसी । बीजिंग

चीन की ह्यूमन स्पेस फ्लाइट एजेंसी ने चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने के लिए बनाए किए जा रहे अंतरिक्ष यान को 'मेंगझोउ' नाम दिया है, जो अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा से परे ले जाएगा। मेंगझोउ शब्द का अर्थ ड्रीम वेसल है यानी सपनों का एक जहाज। एजेंसी ने चंद्र लैंडर का नाम लान्यू रखा है। लान्यू का अर्थ चंद्रमा को गले लगाना है, जो तांग राजवंश के कवि ली बाई को संदर्भित करता है। स्पेस डॉट कॉम के मुताबिक, चीन की स्पेस एजेंसी, सीएमएसए ने एक प्रेस बयान में कहा कि स्पेसक्राफ्ट के लिए चुने गए नाम माओत्से तुंग की कविता में से हैं। वहीं मेंगझोउ नाम चीन के शेनझोउ और तियानझोउ अंतरिक्ष यान के नामों से मिलता हुआ भी है।



### उड़ान 2027 में होने की उम्मीद

मेंगझोउ को पहले प्लेसहोल्डर शब्द 'अगली पीढ़ी के चालक दल वाले अंतरिक्ष यान' से जाना जाता था। अब इसमें लॉ बर्थ ऑर्बिट का एक संस्करण होगा जो सात अंतरिक्ष यात्रियों को ले जा सकता है। इसके बाद तीन यात्रियों को ये चंद्रमा तक ले जा सकता है। चीन ने 2020 में अंतरिक्ष यान की बॉयलरप्लेट परीक्षण उड़ान आयोजित की और 2027 में उसे पहली उड़ान की उम्मीद है। देश की सरकारी स्वामित्व वाली चाइना एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉरपोरेशन (सीएएससी) अंतरिक्ष यान और लैंडर का डिजाइन और निर्माण कर रही है। सीएएससी नए अंतरिक्ष यान को लॉन्च करने के लिए एक नया रॉकेट, लॉन्ग मार्च 10 भी बना रहा है।

### दो लॉन्ग मार्च का होगा प्रक्षेपण

चीन की चंद्रमा लैंडिंग योजना में दो लॉन्ग मार्च 10 रॉकेटों का प्रक्षेपण शामिल है, जो वर्तमान लॉन्ग मार्च 5 पर आधारित होंगे। एक लॉन्ग मार्च 10 मेंगझोउ को ले जाएगा, जबकि दूसरा लान्यू को लॉन्च करेगा। इसके बाद दोनों अंतरिक्ष यान मिलेंगे और चंद्रमा की कक्षा में पहुंचेंगे। इसके बाद अंतरिक्ष यात्रियों का एक जोड़ा लैंडर की ओर बढ़ेगा और फिर चंद्रमा की सतह पर जाएगा, जबकि तीसरा अंतरिक्ष यात्री मेंगझोउ पर ही रहेगा। यह 440 पाउंड (200 किलोग्राम) का क्रू रोवर भी ले जाएगा। चंद्र सतह पर थोड़ी देर रहने के बाद लान्यू अंतरिक्ष यात्रियों को वापस चंद्र कक्षा में लॉन्च करेगा।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl